दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
रामनवमी
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली।। बुधवार 17 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 187 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव बनें यूपीएससी टॉपर




नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए अंतिम परिणाम आज जारी कर दिया है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। इसी के साथ आयोग ने टॉपर लिस्ट भी जारी कर दी है।

यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा के तहत आईएएस, आईपीएस, ग्रुप-ए, ग्रुप- बी समेत सर्विसेज में 1143 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसमें आईएएस के 180, आईएफएस के 37, आईपीएस के 200, सेंट्रल सर्विसेस ग्रुप-ए के 613 और ग्रुप- बी सर्विसेस के 113 पद थे। यूपीएससी सीएसई परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाती है - प्रारंभिक, मुख्य और अंत में साक्षात्कार होता है। यूपीएससी सीएसई 2023 प्रारंभिक परीक्षा 28 मई को आयोजित की गई थी, सीएसई मुख्य यूपीएससी परीक्षा 15 सितंबर, 2023 से पांच दिनों के लिए आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार दौर के लिए बुलाया गया था जो 4 जनवरी से 9 अप्रैल के बीच आयोजित किया गया था।

सभी श्रेणी के उम्मीदवारों का इतने पदों पर हुआ चयन : आईएएस के पदों पर सामान्य श्रेणी के 73 ईडब्लूएस के 17, ओबीसी के 49, एससी के 27 , एसटी के 14 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। आईएफएस के पदों पर सामान्य श्रेणी के 16 ईडब्लूएस के 04, ओबीसी के 10, एससी के 05, और एसटी के 02 उम्मीदवारों का चयन हुआ है वहीं आईपीएस के पदों पर सामान्य श्रेणी के 80 ईडब्लूएस के 20, ओबीसी के 55, एससी के 32, एसटी और 13 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। सेंट्रल सर्विसेज ग्रुप-ए के पदों पर सामान्य श्रेणी के 258 ईडब्लूएस के 64, ओबीसी के 160, एससी के 86 और एसटी के 45 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। ग्रुप- बी सर्विसेज के पदों पर सामान्य श्रेणी के 47 ईडब्लूएस के 10, ओबीसी के 29, एससी के 15, एसटी के 12 उम्मीदवारों का चयन हुआ है।

### रामलला के मस्तक पर 4 मिनट तक पड़ेगी सूरज की किरणें

## आज अयोध्या में दिखेगा अद्भुत नजारा



नई दिल्ली। अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर विशाल राममंदिर में श्री रामलाला का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। यह अवसर हर राम भक्त के लिए अमृत बेला है। जन्मोत्सव की प्रत्येक प्रक्रिया अविस्मरणीय होगी। इस बार त्रेता में जन्मे श्रीराम के अभिषेक की तैयारियां जोरशोर से की गई हैं।

रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे जब श्रीराम का जन्म होगा उसी के बाद उनके माथे पर सूर्य की किरण पड़ेगी। भगवान राम का सूर्य अभिषेक विज्ञान के फॉमूर्ले के तहत किया जाएगा। वैज्ञानिकों ने इस पर रिसर्च किया था और इसका बीते दिनों ट्रायल भी किया गया जो सफल रहा था। अब रामनवमी के दिन जब भगवान राम का जन्मदिन मनाया जाएगा तो उस दौरान उनके माथे पर सूर्य तिलक किया जाएगा। इस पल का साक्षी देश दुनिया में बैठे राम भक्त भी बनेंगे।

**विज्ञान की तकनीक से होगा सूर्य तिलक** : रामनवमी के दिन सूर्य की रोशनी मंदिर के तीसरे तल पर लगे पहले तर्पण पर पड़ेगी। यहां से परावर्तित होकर पीतल की पाइप में प्रवेश करेगी। पीतल के पाइप में लगे दूसरे दर्पण में टकराकर 90 डिग्री पर पुनः परावर्तित हो जाएंगी। फिर पीतल की पाइप से जाते हुए यह किरण तीन अलग-अलग लेंस से होकर गुजरेगी और लंबे पाइप के गर्भ गृह वाले सिरे पर लगे शिशे से टकराएंगीं। गर्भगृह में लगे शिशे से टकराने के बाद किरणें सीधे रामलला के मस्तिष्क पर 75 मिलीमीटर का गोलाकार तिलक लगाएंगी और निरंतर 4 मिनट तक प्रकाश मान होंगी।

### अयोध्या में अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम

श्रीराम मंदिर में प्रकाश परावर्तन नियम के जरिए सूर्य अभिषेक का मॉडल श्रीराम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी के साइंस के छात्रों और प्रोफेसर ने मिलकर तैयार किया है। इस मॉडल में सूर्य की जगह बल्ब से ऊर्जा ली जा रही है और अलग-अलग लेंस के जरिए प्रकाश को परावर्तित कर सूर्य अभिषेक किया जा रहा है।

इस मॉडल में केवल इतना फर्क है कि इसमें पाइप का इस्तेमाल नहीं किया गया है और सूर्य की जगह बल्ब का प्रयोग किया गया है।

# अतुल गर्ग के चुनाव को बैकअप देने के लिए बड़े ठाकुर चेहरों ने डाल लिया है डेरा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने शहर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। अतुल गर्ग लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हैं और इस बार चुनाव में ठाकुर नाराजगी का स्वर सुनाई दे रहा है। हालांकि बड़े चेहरे और बड़ा वर्ग यहां भाजपा के साथ ही खड़ा है लेकिन पार्टी किसी भी मौके पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां ठाकुर चेहरों ने पहले दिन से डेरा डाल रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ चुके हैं और अब फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत आ रहीं हैं। राजनाथ सिंह यहां 3 अप्रैल को आये थे और नामांकन जुलुस में शामिल हुए थे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अब 22 अप्रैल को कंगना रनौत लगायेंगी फेरा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धौलाना में आ रहे हैं और अब 22 अप्रैल को भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के उम्मीदवार को बैकअप देने के लिए कंगना रनौत आ रहीं हैं।

वह 22 अप्रैल को शहर विधानसभा क्षेत्र के विजय नगर इलाके में रोड शो करेंगी। आज यह तय हो जायेगा कि कंगना रनौत कौन से रूट पर रोड शो करेंगी। सूत्र बताते हैं कि यह रूट विजय नगर से प्रताप विहार का हो सकता है। अभी रोड शो का समय भी तय होना बाकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ भी धौलाना में आ रहे हैं और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या भी चुनाव प्रचार के लिए आयेंगे।

### संभालेंगे यूथ आईकॉन नीरज सिंह भी चुनाव प्रचार की कमान



करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा का जिक्र हो तो यहां नीरज सिंह की अपनी अलग ही टीआपी है। एक ऐसा चेहरा जो गाजियाबाद के युवाओं में टीआरपी के टॉप पर है। जिन्हें भाजपा के युवा कार्यकर्ता नीरज भैया के नाम से बुलाते हैं। नीरज सिंह जब भी गाजियाबाद आते हैं तो उनके रूट पर काफिले अपने आप बन जाते हैं। अब जो माहौल चल रहा है उसमें जल्द ही नीरज सिंह की भी एन्ट्री होने वाली है। सूत्र बता रहे हैं कि यूथ आईकॉन नीरज सिंह 21 या 22 अप्रैल को यहां चुनाव प्रचार के लिए आ सकते हैं।

# लोकसभा मतदान को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

## कर्मचारियों के प्रशिक्षण और पोलिंग पार्टी रवाना स्थल की तैयारियां हुईं तेज

### जिला निर्वाचन अधिकारी बोले: नहीं बर्दाश्त है निर्वाचन कार्य में लापरवाही

*गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार से जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने अधिनस्थों को बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही बरतने वालों और ड्यूटी पर अनुपस्थित मिलने वाले कर्मचारियों को चेतावनी भी जारी कर दी गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय का प्रशिक्षण शिविर आईटीएस कॉलेज में मंगलवार को प्रारंभ हुआ। प्रथम पाली में कुल 1574 में 73 अनुपस्थित रहे। जिसमें 20 पीठासीन अधिकारी, 8 मतदान अधिकारी प्रथम, 23 मतदान अधिकारी द्वितीय और 23 मतदान अधिकारी तृतीय शामिल रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल 1639 में 96 अनुपस्थित रहे। जिसमें 25 पीठासीन अधिकारी, 11 मतदान अधिकारी प्रथम, 22 मतदान अधिकारी द्वितीय और 38 मतदान तृतीय अधिकारी अनुपस्थित रहे।*

*प्रशिक्षण आईटीएस के 31 कमरों में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम पाली की कमान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम इन्द्र विक्रम सिंह एवं चुनाव प्रेक्षक अरुण सिन्हा आईएएस द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी-स्वीप नोडल प्रभारी जिला कार्मिक प्रभारी अभिनव गोपाल आईएएस और पीएन दीक्षित सह प्रभारी कार्मिक उपस्थित रहे।*



### अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ होगी एफआईआर : अभिनव गोपाल

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों के लिए कार्मिक प्रभारी निर्वाचन अभिनव गोपाल आईएस प्रभारी कार्मिक पीएन दीक्षित को निर्देशित किया है कि जो कर्मचारी प्रशिक्षण के प्रथम और द्वितीय पाली में अनुपस्थित थे उनके खिलाफ विभागीय कार्य अनुशासन हीनता मानते हुए, आरपी एक्ट- 1951 की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही कार्मिक प्रभारी निर्वाचन अभिनव गोपाल ने बताया कि सभी अनुपस्थितों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। प्रथम दिन का प्रशिक्षण में मुख्य रूप से ओपी यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमरजीत सिंह समाज कल्याण अधिकारी, पीयूष राय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, पवन कुमार भाटी जिला समन्वय माध्यमिक शिक्षा एवं कार्मिक टीम उपस्थित रही।

### मतदान दिवस 26 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

करंट क्राइम : आगामी 26 अप्रैल को गाजियाबाद में द्वितीय चरण का लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार गाजियाबाद क्षेत्रीय समस्त कारखाने अधिष्ठानों प्रबंधक को सूचित किया गया है कि लोकसभा चुनाव के अंतर्गत 26 अप्रैल को गाजियाबाद में होने वाले मतदान में कारखाने में कार्य कर्मचारियों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 135 ख के प्रावधानों के चलते कारखाने मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जाएगा। जिले के समस्त कर्मकारों को मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए शासन द्वारा यह फैसला लिया गया है।

### गूगल मैप से लैस हैं मतादाता पर्ची

करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव में इस बार गूगल मैप से लैस मतदाता पर्ची वोटरों के घर प्रशासन की ओर से पहुंचने का काम शुरू हो गया है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गूगल मैप वाली पर्चियां वितरित कर रहे हैं। साथ ही इसमें मतदान का समय भी अंकित किया गया है। पोलिंग केंद्र का नाम, स्थान और मोहल्ले के साथ ही मतदान की तिथि और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1950 भी प्रदर्शित किया गया है ताकि मतदाता अपनी जानकारी व अन्य सूचनाओं हासिल कर सके।



### मतदाता मार्गदर्शिका भी वितरित कर रहे हैं बीएलओ

करंट क्राइम : भारत निर्वाचन आयोग और कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने ,वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालें, हम का संदेश देने वाली स्मार्ट मतदाता मार्गदर्शीका वितरित की जा रही हैं। इस मार्गदर्शिका को रंगीन प्रकाशित किया गया है। इसमें पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन के साथ ही फॉर्म-8 और 7 के विवरण की जानकारी मतदान के दिन क्या करें और क्या ना करें ,जैसे अपना वोट कैसे डालें। मतदान प्रक्रिया का महत्व और दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां इसमें दी गई हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर की बैठक

करंट क्राइम : महात्मा गांधी सभाकर कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टी की रवानगी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों और सभी एआरओ से पोलिंग पार्टी की रवानगी के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन स्थानों पर वाहनों की स्थित, निर्वाचन अधिकारी ने क्या व्यवस्था की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी स्टेशन पर प्रकाश ,पानी और अन्य क्या-क्या सुविधाएं प्रदान करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही जहां से पोलिंग पार्टियों रवानगी की जानी है, अधिकारियों को पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल के साथ ही पोलिंग बूथ का मैप कार्यो सहित निरीक्षण भी करवाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पोस्टल वैलेट से मतदान एवं डैस्पेच एवं रिसीविंग के बारे में भी समीक्षा की गई है। बैठक में जिलाधिकारी प्रशासन प्रभारी अधिकारी निर्वाचन रणविजय सिंह, अपर जिला अधिकारी एलए प्रभारी अधिकारी निर्वाचन शैलेंद्र सिंह भाटिया, अपर जिलाधिकारी नगर प्रभारी अधिकारी निर्वाचन गंभीर सिंह, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट अजय सहित एआरओ, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, एसडीएम मोदीनगर डॉ पूजा गुप्ता, एसीएम संतोष कुमार राय, एसडीएम न्यायिक चंद्रेश, जिला सूचना अधिकारी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान के दिन बूथ पर कैमरा, स्मार्ट वॉच, हेडफोन और मोबाइल रहेगा बैन

करंट क्राइम : 26 अप्रैल को गाजियाबाद की लोकसभा सीट पर मतदान होना है और मतदान केंद्र पर जाने से पहले मतदाताओं को ध्यान रखना है कि वह कैमरा, स्मार्ट वॉच, हेडफोन, मोबाइल और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मतदान केंद्र के भीतर नहीं ले जा सकते हैं। साथ ही मतदान केंद्रों पर इसके रखने की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। लिहाजा मतदाता ऐसे उपकरण अपने साथ लेकर न जाए, इससे उनको असुविधा होने की संभावना रहेगी।



## राहुल-अखिलेश की प्रेसवार्ता में कार्यकर्ताओं की नहीं रहेगी एंट्री

### वार्ता खत्म होने के बाद कर सकते हैं अलग से मुलाकात



**राहुल गांधी-अखिलेश यादव के साथ मंच पर होंगी डॉली शर्मा, अमरपाल शर्मा और महेंद्र सिंह साथ**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : बुधवार की सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव को लेकर पत्रकारों से बातचीत के लिए गाजियाबाद के कौशांबी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में वार्ता करेंगे। इस दौरान पार्टी हाई कमान की ओर से कार्यकर्ताओं की नो एंट्री वाला संदेश दिया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि दोनों ही नेताओं की सुरक्षा और उनके प्रोटोकॉल को देखते हुए पार्टी आलाकमान की ओर से यह आदेश दिया है। समाजवादी पार्टी सूत्रों से जानकारी मिली है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव जब पत्रकारों से बातचीत कर रहे होंगे तो मंच पर गाजियाबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ ही बागपत सीट से प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा और गौतमबुद्धनगर सीट से प्रत्याशी महेंद्र सिंह तीनों अपने नेताओं के साथ नजर आएंगे।

### गाजियाबाद, बागपत और गौतमबुद्ध नगर के प्रत्याशी दिखेंगे साथ

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन है। ऐसे में दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशी भी राहुल गांधी और अखिलेश यादव के साथ नजर आएंगे। जानकारी मिली है की प्रेसवार्ता के दौरान जो मंच सजेगा, वहां गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ ही बागपत के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा और गौतमबुद्ध नगर से प्रत्याशी महेंद्र सिंह एक साथ नजर आएंगे।

### पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलने के लिए करना होगा वेट

### क्या एंट्री के लिए आया है अलग फॉरमैट

करंट क्राइम : राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद के कौशांबी में पत्रकार वार्ता के लिए बुधवार की सुबह करीब 8 :30 बजे के आसपास पहुंच रहे हैं। दोनों ही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश बेहद हाई बताया जा रहा है। हर कोई अपने प्रमुख नेता की झलक पाने के लिए वहां पहुंचने का प्लान बना रहा है और चाहत है कि नेता के साथ एक मुलाकात और फोटो हो जाए लेकिन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए बताया है कि पार्टी आलाकमान की ओर से पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को यहां एंट्री नहीं दिए जाने का आदेश दिया गया है। ऐसा दोनों ही नेताओं की सुरक्षा और टाइट शेड्यूल की वजह से किया गया है। साथ ही सुरक्षा का हवाला भी इसमें प्रमुखता के साथ रखा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि होटल रेडिएशन ब्लू की सुरक्षा में वहां का निजी स्टाफ और यूपी पुलिस के साथ ही विशेष सुरक्षा स्टाफ भी यहां मौजूद रहेगा।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मौसम विभाग ने हीट वेव से बचाव की दी जानकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार 3 दिन तक वहां के सामान्य तापमान से 3 डिग्री से. या अधिक बना रहे तो उसे लू या हीटवे कहते हैं। जब वातावरणीय तापमान 37 डिसे. तक रहता है तो मानव शरीर पर इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है परन्तु जैसे ही यह तापमान इससे बढ़ जाता है तो हमारा शरीर वातावरणीय गर्मी को चित करने लगता है परिणामस्वरूप शरीर का तापमान प्रभावित होने लगता है। अंग्रेजी में इसे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक कहते हैं।

गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के संपर्क में आने पर लू लगती है। गर्मी में शरीर के द्रव्य/बॉडी पल्यूड सूखने लगता है। शरीर में पानी / नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह का होना इत्यादि कारक व्यक्ति को लू लगने की संभावना को अधिक बढ़ा देते हैं।

कुछ औषधियां जैसे डाययूरेटिक, एंटीस्टिामिनिक और मानसिक रोग की कुछ औषधियां मानव शरीर में लू लगने की संभावना को बढ़ा देती हैं। हीट स्ट्रोक के लक्षणः-गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना और लगातार पसीना आना। नब्ज अर्थात पल्स का तेजी से चलना। श्वांस गति में अत्यधिक तेजी हो जाना। व्यवहार में परिवर्तन यथा भ्रम की स्थिति पैदा होना। सिरदर्द, मितली, थकान, चक्कर आना और कमजोरी महसूस होना। मूत्र का कम होना अथवा न आना। उपरोक्त लक्षणों के कारण मनुष्यों के शरीर में निम्नांकित प्रभाव पड़ता है। उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है।

हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय : अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास नहीं भी हो तब भी थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले ढीले वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। यदि खुले में कार्य करने की आवश्यकता हो तो सिर, चेहरा, हाथ और पैरों को ढंक कर रहें तथा छतरी का प्रयोग करें। प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से ठंडक दें तथा चिकित्सक से संपर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जायें।

ओ.आर.एस., घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, उबकाई, अधिका पसीना आना, मूर्च्छा आदि को पहचानें एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक की सलाह लें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा कई बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठंडा पेयजल रखें। कार्मिकों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने एवं कराने को प्राथमिकता दें।

घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढ़ायें। गर्भस्थ महिलाकर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना आवश्यक है। छोटे बच्चों को कभी भी बंद अथवा खड़ी गाडियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। तापमान से बचने के लिए जहां तक संभव हो निचली मंजिल पर रहें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें। अधिक प्रोटीन, बासी, संक्रमित खाद्य पदार्थों का प्रयोग न करें। अल्कोहल, चाय व कॉफी पीने से परहेज करें। जानवरों को खुले में न रखें।

## सपा, कांग्रेस व आप दलों के नेताओं एंव रालोद- भाजपा गठबंधन के नेताओं की मेहनत क्या गुल खिलायेंगी



**मोदीनगर करंट क्राइम।** भाजपा रालोद गठबंधन के एनडीए के प्रत्याशी डॉ0 राजकुमार सांगवान को भाजपा के सहारे अपने सुप्रीमो नेता जयंत चैधरी व उनके परिवार की इस विरासत सीट को बचाने के लिये कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही हैं। इस सीट पर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी सपा से उम्मीदवार पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के आने के बाद से भाजपा के पदाधिकारियों की नींद उड़ गई है। जिसके बाद से निरंतर संघ व भाजपा की बैठकों को दौर जारी है, साथ ही प्रचार प्रसार में भी तेजी देखी जा रही है। मोदीनगर विधानसभा सीट पर रालोद से ब्राहमण उम्मीदवार पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा पालिका चेयरमैन से लेकर विधायक तक रह चुके है और शहरी क्षेत्र में पालिका के चार बार अध्यक्ष पद पर पं0 रामआसरे शर्मा काबिज रह चुके है। इस चुनाव में भी दोनो ही प्रत्याशी डॉ0 राजकुमार सांगवान के साथ वोट मांग रहे है। दूसरी बार विधायक रहते हुयें डॉ0 मंजू शिवाच भी किसी तरह की कोई कमी महसूस नही होने दे रही है। जनप्रतिनिधियों से संपर्क के साथ ही भाजपा के क्रियाकलापो, योजनाओं को घर-घर तक पंहुचायें जाने के साथ ही तेजी से संपर्क करने में लगी है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस सीट के जरिये ही वर्ष 2019 मे लोकसभा का चुनाव तत्कालीन सांसद डॉ0 सत्यपाल सिंह ने जीता था, और तो और योगी की सभा के जादू ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव मे विधायक डॉ0 मंजू शिवाच की नैय्या पार लगा दी थी। इसके बाद बाद हुये पालिका चुनाव में सीट आरक्षित होने के बाद भाजपा से विनोद जाटव वैशाली ने चेयरमैन पद पर वोटों के गणित में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नई छाप छोड दी थी। हालांकि इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा के चुनाव की कमान मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र मे उनके पुत्र अमन शर्मा ने संभाल रखी है। सपा, कांग्रेस व आप के संगठन के पदाधिकारियों के साथ तालमेल कर जातिगत आधार पर नौजवानों की फौज लेकर माहौल बनाने में जुट गये हैं। वही बसपा उम्मीदवार एडवोकेट प्रवीण बैंसला भी मैदान में है, उनके साथ गुर्जर समुदाय के साथ ही दलित समाज के नेताओ ने उनके चुनाव की कमान संभाल रखी हैं। सपा, बसपा के प्रत्याशियों का इस क्षेत्र मे अभी तक बहुत ही कम आना हो पाया है, जब कि बीते एक दशक में दो बार के लोकसभा से लेकर इस बीच हुयें विधान सभा, पालिका व जिला पंचायत चुनाव मे भाजपा के सामने बसपा ने भी अपनी जमीनतैयार की है। अभी इन दोनो पार्टियों के स्टार प्रचारक भी यहां नही पहुंच पायें है और ना ही उनकी कोई जनसभा हो पायी है। उसके बावजूद भाजपा- रालोद ने इस सीट पर पूरा जोर लगा रखा हैं। सपा-कांग्रेस व आप दलों के नेताओं व रालोद- भाजपा गठबंधन के नेताओं की मेहनत क्या गुल खिलायेंगी।

## टूटकर गिरी जर्जर विद्युत लाईन



**लोनी (करंट क्राइम)।** रामविहार कॉलोनी में अल सुबह टूटकर गिरी विद्युत लाईन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गिरकर चोटिल हो गया तथा बिना लाईन जोडे करंट छोडने से एक सांड की मौत हो गई। जिसके विरोध में कॉलोनीवासियों ने चार घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी और विद्युत विभाग के अवर अभियंता के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। लोनी थाने की रामविहार कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस मार्ग के दूसरी रखे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर तक 11 हजार केवी विद्युत लाईन जा रही है। आरोप है कि जो जर्जर हो चुकी है तथा आए दिन टूटकर गिर जाती है। मंगलवार सुबह करीब चार बजे इस विद्युत लाइन का एक तार टूटकर गिर गया। जिसके बाद विद्युत सप्लाई स्वतः ही बंद हो गई, लेकिन सुबह करीब छह बजे विद्युतकर्मियों ने तार जौडे बिना ही विद्युत सप्लाई शुरू कर दी। जिसकी चपेट में आकर कॉलोनी का ही बाइक सवार ऋषभ गिरकर चोटिल हो गया। जबकि एक सांड की करंट लगने से मौत हो गई। जिसके बाद कॉलोनीवासी आकोशित हो गए और जर्जर विद्युत लाईन बदलवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। कॉलोनीवासियों ने विद्युत विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। करीब चार घंटे तक चले हंगामे के बाद थाना प्रभारी और विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने लाइन बदलवाने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला निपटा।

## चैत्र नवरात्र के आठवें दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़



**मोदीनगर करंट क्राइम।** चैत्र नवरात्र के आठवे दिन सीकरीखुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े दिखाई दिए। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन के व्यापक प्रबंध दिखाई दिए। मेले में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। नवरात्र में लगने वाले देवी मेले का इस बार चुनाव आचार संहिता के चलते प्रतिबंध लग गया। लेकिन मंदिर में जुटने वाले श्रद्धालुओं को लेकर पुलिस प्रशासन ने तमाम व्यवस्था व पूरी रखी। हालांकि प्रशासन के दावों के विपरीत मेले में श्रद्धालुओं के लिए आने जाने का रास्ता अलग-अलग रखने की योजना भी असफल रही। ग्रामीण अंचल से ट्रैक्टर-ट्रालियों और तांगे, बुग्गियों में भरकर मेला स्थल पर ही प्रवेश कर गए, जिस कारण लोगों का दस मिनट का सफर घंटों में तय हुआ। मेले में श्रद्धालुओं खासतौर पर महिलाओं व बच्चों के लिए शौचालयों की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन भीड के आगे व्यवस्था धराशायी हो गयी। मेले में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान के श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। मेले में दर्शन के लिये ट्रैक्टर-ट्राली, भैंसा-बुग्गी व पैदल आने वाले श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। इसके चलते इन्द्रापुरी व भूपेन्द्रपुरी के मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगने से घंटों जाम लगा रहा।

## माँ दुर्गे के नवरूपो की तिलक कर ओम सन पब्लिक स्कूल में की गई चरण वंदना



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित ओम सन पब्लिक स्कूल प्रांगण में माँ दुर्गे के नवरात्र को छात्र-छात्राओं व समस्त स्टाफ ने मिलकर बड़े भक्तिभाव से संजोकर उत्साहपूर्वक मनाया` माँ दुर्गे के नवरूपो में कक्षा दो की कन्याओं ने नौ रूपों की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की` स्कूल प्रबंधक अशोक गुप्ता ने माँ दुर्गे के इन सभी नौ रूपों को रोली तिलक कर भोग लगाया तथा चरण वंदना की` प्रधानाचार्या शालिनी अग्रवाल, स्कूल निदेशक अनुराग गुप्ता, कोर्डिनेटर डा. पूर्णिमा वार्ष्णेय व रीतू दास ने सभी अध्यापक गणों के साथ मिलकर माँ दुर्गे के इन नवरूपो की तिलक कर चरण वंदना की तत्पश्चात माँ जगदम्बा को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ' जिसमें कत्थक नृत्य पर माँ दुर्गे की वंदना प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ रही` इसे कक्षा दस की छात्रा गौरी, नमिता व कक्षा नौ की आरुषि ने बड़े मनमोहक रूप में किया` कार्यक्रम का संचालन बड़े सार्थक व अनूठे रूप में कक्षा नौ अ की छात्रा प्रेरणा ने किया` मंच का पूरा संचालन छवि रस्तोगी ने बड़ी कुशलता से किया` नवरात्र पर अपने संबोधन में स्कूल प्रबंधक अशोक गुप्ता ने सबको हिन्दू संवत के अनुसार चैत्र से प्रारंभ हुए नववर्ष व माँ के नवरात्रों के पावन दिनों की शुभकामना दी` नवरात्र के पर्व में सब माँ दुर्गे के स्वरूपों की भक्ति भाव से आराधना करते है, माँ भगवती जन्मदायिनी माँ के रूप में हर पल हर कदम हमे प्रेरित करती है` माँ जगदम्बा हमे सद्बुद्धि व शक्ति प्रदान करे ताकि हम उन्नति की ओर अग्रसर होते रहे और श्रेष्ठ कर्म करते रहें इस अवसर पर सभी बच्चो के साथ समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे ।

## भारत के राजदूत पर पक्षपाती होने का आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत के एक लेख पर कड़ी आपत्ति जताई है और उन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। दरअसल आयरलैंड के एक अखबार में भारत के चुनाव पर एक लेख लिखा गया था, जिस पर आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने जो प्रतिक्रिया अखबार को भेजी, उस पर कांग्रेस ने नाराजगी जाहिर की है और राजदूत पर पार्टी कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने राजदूत को पद से हटाने की भी मांग की है।

### जयराम रमेश ने बोला हमला

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयरलैंड में भारत के राजदूत का आयरिश अखबार को भेजा गया लेख बेहद पक्षपाती, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है, जिसमें पीएम मोदी, भारतीय लोकतंत्र, कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों और हिंदू बहुमत की तारीफ की गई है। जयराम रमेश ने कहा कि 'भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और ये राजदूतों से उम्मीद भी की जाती है, लेकिन विपक्षी पार्टियों पर खुलेआम पार्टी कार्यकर्ता की तरह हमला करना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।' एक सोशल मीडिया पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि 'राजदूत एक राजनयिक हैं, ऐसे में उनकी टिप्पणी और भी शर्मनाक और अस्वीकार्य हैं। उन्होंने सेवा नियमों का उल्लंघन किया है और उन्हें तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए।'

## ममता बनर्जी ने की श्वेत पत्र की मांग

### कहा- पीएम मोदी पहले आईने में खुद को देखें



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने केंद्रीय एजेंसियों की तरफ से की गई जांच को लेकर श्वेत पत्र की मांग की है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी पर आरोप लगाने से पहले उन्हें खुद को आईने में देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने बताया कि एक टीएमसी ही है जो भाजपा से अकेले लड़ रही है। सीपीआई(एम) और कांग्रेस तो केवल भाजपा की मदद कर रहे हैं।

श्वेत पत्र की मांग करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, बंगाल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए भाजपा ने 300 केंद्रीय एजेंसियों की टीमों को भेजा था। लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला। अब प्रधानमंत्री को बंगाल के लोगों को यह बताना होगा कि मनरेगा फंड का क्या हुआ? गरीबों ने इस परियोजना के तहत काम तो किया, लेकिन उन्हें इसके बदले में कुछ भी नहीं दिया गया।

टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आगे कहा, पीएम टीएमसी को भ्रष्ट कहते हैं। उन्हें ये कहने से पहले खुद को आईने में देखना चाहिए। उनकी पार्टी में डकैत भरे हुए हैं। उन्होंने भाजपा को बंगाली विरोधी पार्टी बताया है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी एनआरसी की आड़ में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को बाहर निकालने की योजना बना रही है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा, हम बंगाल में एनआरसी को लागू होने नहीं देंगे। सीपीआई(एम) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ₹बंगाल में केवल टीएमसी ही भाजपा के खिलाफ लड़ रही है, बाकी की दो पार्टियां उनकी (भाजपा) मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन के साथ हैं, लेकिन देश को बचाने के लिए बंगाल में टीएमसी को जीतना ही होगा।

## कोविड से मौत के मामले में मुआवजा कोई इनाम नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि कोरोना से मौत के मामलों में मुआवजा कोई इनाम नहीं है। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए एक विधवा महिला की याचिका खारिज कर दी। दरअसल महिला के पति की कोरोना महामारी के दौरान मौत हो गई थी। महिला का पति हैंडपंप हेल्पर था और महिला अपने पति की मौत के लिए सरकार से मुआवजा की मांग कर रही थी।

### क्या है मामला

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की निवासी कंचन हमशेट्टे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने पति की मौत का मुआवजा देने की मांग की थी। महिला ने याचिका में कहा कि उसके पति की मौत अप्रैल 2021 में हुई थी और वह जरूरी सेवाओं के तहत आने वाले काम को कर रहा था।

महिला ने दावा किया कि उसके पति को राज्य सरकार द्वारा ही तैनात किया गया था, लेकिन कोरोना की चपेट में आकर वह संक्रमित हो गया और उसकी मौत हो गई। महिला ने हाईकोर्ट से मांग की कि अदालत राज्य सरकार को मुआवजे की उसकी मांग पर विचार करने का आदेश दे। बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने याचिका खारिज कर दी। जस्टिस रविंद्र घुगे और जस्टिस आर एम जोशी की खंड पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा 50 लाख रुपये के मुआवजे वाली महिला की याचिका खारिज करना गलत नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि इस बात में कोई बहस नहीं है कि ऐसे मामलों को संवेदनशीलता से डील किया जाना चाहिए, लेकिन दूसरी तरफ ये बात भी दिमाग में रखनी चाहिए कि जो लोग हजारों के 50 लाख रुपये पाने के हकदार नहीं है, उन्हें ये रकम कोई इनाम के तौर पर नहीं दी जा सकती। अगर ऐसे मामले लापरवाही से डील किए गए तो अयोग्य लोगों को भी करदाताओं के पैसों में से 50 लाख रुपये का मुआवजा मिल जाएगा। दरअसल कोरोना महामारी के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने जरूरी ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को 50 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देने का एलान किया था। जो लोग कोरोना के दौरान सक्रिय ड्यूटी जैसे सर्वे, ट्रेसिंग, ट्रैकिंग, टेस्टिंग और इलाज आदि में लगे उन्हें ही यह दुर्घटना बीमा दिया गया था।

## बहुत ढूढने पर पूजन के लिए मिली सिर्फ पांच कन्याएं: साध्वी कैलाश गिरी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जूना अखाड़े की महंत साध्वी कैलाश गिरी महाराज ने पावन नवरात्रि पर्व सम्पूर्ण होने पर कन्या पूजन किया। यहां पर सर्व दलीय गौ रक्षा समिति की राष्ट्रीय सचिव साध्वी कैलाश गिरी महाराज ने बेटी बचाओ का संदेश बहुत ही प्रभावी ढंग से दिया। उन्होंने कहा कि बेटी नही बचाओगे तो वंश वृद्धि के लिए बहू कहां से लाओगे। आज की स्थिति का आज के हालात से आकलन किया। उन्होंने कहा कि बहुत ढूढने के बाद भी पूजन के लिए सिर्फ 5 कन्या मिली है। हमे अगर समाज का संतुलन बनाए रखना है तो बेटी जन्म ले ये हमारी जिम्मेदारी है। साध्वी कैलाश गिरी महाराज ने सभी को गौ रक्षा का भी संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कार तभी जिंदा रहेंगे जब हिंदुत्व जिंदाबाद रहेगा।

## रामनवमी रैली को लेकर टीएमसी पर भड़के पीएम मोदी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। बंगाल के बालुरघाट में उन्होंने मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की। पीएम मोदी ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को सुरक्षा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है लेकिन नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है।

उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है।

रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है।

भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी। टीएमसी जैसी पार्टी दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहती है।

### टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी इसलिए फैला रहे झूठी खबर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालुरघाट में आज उमड़ा यह जनसैलाब को देखकर लगता है कि इस बार जीत विकास की होगी। आज पूरा राज्य कह रहा है 4 जून को 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि टीएमसी को लग रहा है कि पीएम मोदी ने योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है।

### टीएमसी रच रही साजिशः पीएम

रामनवमी और रामलला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने राम नवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है। कल रामनवमी के अवसर पर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगा। मैं बंगाल के अपने सभी भाइयों और बहनों को इस अवसर पर बधाई देता हूं।

## मॉब लिंचिंग की घटना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में मुस्लिमों के खिलाफ गौ रक्षा के नाम पर हो रही हत्या और बढ़ती मॉब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर सख्त रुख अख्तियार किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में कई राज्य सरकारों को छह सप्ताह का समय दिया है। अदालत का कहना है कि इस तरह की घटनाओं में की गई कार्रवाई से छह सप्ताह के अंदर अवगत कराएं।

एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में गोरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा (मॉब लिंचिंग) और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटनाओं में शीर्ष अदालत के वर्ष 2018 के फैसले के अनुरूप राज्यों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा, 'हमने पाया कि ज्यादातर राज्यों ने मॉब लिंचिंग के उदाहरण देने वाली रिट याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर नहीं किया है। राज्यों से यह उम्मीद की गई थी कि वे कम से कम समय में इसका जवाब देंगे कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की है। एक बार फिर हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं।'

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम क्षमा त्यागी दर्ज है। जबकि सही नाम Naina Tyagi ( नैना त्यागी ) है अब उसे Naina Tyagi ( नैना त्यागी ) नाम से ही जाना जाये ।

**अर्जुन त्यागी पुत्र राजेश त्यागी, निवासी गुलशन कॉलोनी, मुरादनगर, गाजियाबाद**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली।। बुधवार 17 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# शुरू हो गया गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में मतदान

## 75 लोगों ने किया अपने घर से अपने उम्मीदवार को वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 26 अप्रैल को होना है। 26 अप्रैल को गाजियाबाद की बड़ी आबादी अपने वोट का इस्तेमाल करेगी। वो ईवीएम का बटन दबायेगी और अपना फैसला सुनायेगी। लेकिन आपको बता दें कि गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मतदान शुरू हो गया है। लोगों ने मतदान भी शुरू कर दिया और वोट भी डलने शुरू हो गये हैं। लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद में पहले दिल 75 लोगों ने मतदान किया है। इन सभी लोगों ने अपने अपने घर से मतदान किया है। वर्क फ्राम होम की तरह अब मतदान भी वोटिंग फ्राम होम वाले स्टाइल में हो रहा है।

दरअसल ये मतदान की वो प्रक्रिया है जो चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों के अन्तर्गत हो रही है। चुनाव आयोग के निर्देश हैं कि लोकसभा चुनाव में 85 + के व्यक्ति और दिव्यांग व्यक्ति अपना मतदान घर से कर सकते हैं। इन मतदाताओं का मतदान शुरू हो गया है और पूलिंग पार्टियां इन मतदाताओं के घर जाकर मतदान करा रहीं हैं। लोकसभा क्षेत्र में पहले दिन 75 मतदाताओं ने मतदान किया।







### सबसे अधिक मतदान साहिबाबाद और सबसे कम मतदान हुआ धौलाना में

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के मतदान शुरू हो गया है और लोग अपने घर से वोट डाल रहे हैं। ये वो मतदाता हैं जो या तो 85+ के हैं या फिर दिव्यांग हैं। पोलिंग पार्टियां इनके घर जा रहीं हैं और ये मतदाता पोस्टल बैलेट पर मतदान कर रहे हैं। गाजियाबाद लोकसभा की विभिन्न विधानसभाओं में मतदाताओं से पोलिंग पार्टियों द्वारा लोनी विधानसभा में 11, मुरादनगर विधानसभा में 23, साहिबाबाद विधानसभा में 30, गाजियाबाद विधानसभा में 7 तथा धौलाना विधानसभा में 4 मतदाओं ने मतदान किया है। इस तरह से गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र 12 में 75 दिव्यांग और बुजुर्ग मतदान कर चुके हैं।

### 18 से 20 अप्रैल तक फिर होगा मतदान

**करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों पर गाजियाबाद लोकसभा के जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार पोस्टल बैलेट प्रभारी एडीएम एलए के नेतृत्व में दिव्यांग और बुजुर्गों का मतदान हो रहा है। यह मतदान प्रक्रिया 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलनी है। लेकिन आज यानि 17 अप्रैल को राम नवमी होने के कारण अवकाश रहेगा। 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मतदान प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक मतदान फ्राम होम की यह प्रक्रिया जारी रहेगी।



### लोकसभा में उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं बुजुर्ग और दिव्यांग

करंट क्राइम। लोकसभा चुनावों के लिए आमजनता 26 अप्रैल को मतदान करेगी। लेकिन दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की है। इसके लिए उन्होंने बाकायदा पोलिंग पार्टियां बनाईं , पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की है और एक पीसीएस अधिकारी को पोस्टल बैलेट प्रभारी भी बनाया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने और सभी को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उत्साहित करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने यह व्यवस्था की है। बड़ी बात ये है कि क्षेत्र के दिव्यांग और 85 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्ग इस मतदान प्रक्रिया में पूरी रूचि के साथ हिस्सा ले रहे हैं। पोलिंग पार्टियों को कहीं भी निराश नहीं होना पड़ा है और सबसे बड़ी बात ये है कि लोकतंत्र के महोत्सव में इन दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाओं ने उत्सा के साथ हिस्सा लिया है।

## कन्या पूजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मंगलवार को नवरात्र अष्टमी के अवसर पर शहरभर में कन्या पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्या पूजन करता एक परिवार।

# आरडीसी में प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने मारी गोली, पुलिस कर रही कई एंगल से जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चुनावी सीजन में जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी सुरक्षा और अतिरिक्त चेकिंग का दावा कर रहे हैं। इसी बीच कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आरडीसी इलाके में प्रॉपर्टी डीलिंग और निजी फाइनेंस का काम करने वाले लोकेश चौधरी उर्फ लीलू को बाइक सवार बदमाशों ने दो गोली मारी और गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गए।

दोपहर करीब तीन बजे जैसे ही पुलिस को हमले की सूचना मिली। तो तुरंत डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक पुलिस बल के साथ पहुंचे और यहां जांच पड़ताल शुरू की। उधर घायल अवस्था में लोकेश चौधरी उर्फ लीलू जो की पूर्व में राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर शास्त्री नगर महेंद्रा एंक्लेव वार्ड से चुनाव लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे उनको गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां डॉक्टर उनका उपचार कर रहे हैं, एक गोली उनके रीड में फंसी थी, जिसे डॉक्टरों ने ऑरेशन के बाद निकाल दिया है। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने हमले का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।



हमले में घायल पीड़ित लोकेश

### बाइक पर सवार थे हमलावर, पुलिस जांच में जुटी

डीसीपी सिटी ने बताया है लोकेश चौधरी उर्फ लीलू वर्तमान में महेंद्रा एंक्लेव में रहते हैं और वह रजापुर गांव के मूल निवासी हैं। पूर्व में पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं और वर्तमान में वह निजी फाइनेंसर व प्रापर्टी डहलंग का काम करते हैं।

पुलिस इस पूरे हमले के पीछे की जांच कर रही है। साथ ही पूरे मामले को कई एंगल से जोड़कर देख रही है। उनके भाइयों की ओर से कवि नगर थाने में हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### परिजन बोले नहीं है किसी से विवाद

**करंट क्राइम :** पुलिस इस पूरे मामले में कई एंगल से जांच कर रही है। जानकारी मिली है कि वह निजी फाइनेंसर का काम करने के साथ ही प्रॉपर्टी डीलिंग भी करते हैं और राजनीतिक रूप से भी एक्टिव रहते है। पुलिस का दावा है कि बाइक सवार बदमाशों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया गया है। इस मामले में परिजनों का कहना है कि लोकेश उर्फ लीलू की किसी से कोई रंजिश या कोई विवाद नहीं था। उधर सूत्र बता रहे हैं कि पैसों की लेनदेन को लेकर उनकी कई लोगों से कहासुनी हो चुकी थी।

### चुनावी सीजन में आरडीसी में चली गोली, सुरक्षा पर उठे सवाल

**करंट क्राइम :** चुनावी सीजन है और ऐसे में पुलिस के अधिकारी सुरक्षा और चेकिंग का दावा कर रहे हैं लेकिन आरडीसी जैसे महत्वपूर्ण स्थान में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पहले लोकेश चौधरी पर जानलेवा हमला किया और फिर मौके से आसानी से फरार हो गए। वहीं अगर पुलिस के चेकिंग अभियान और बेरीकेटिंग लगाकर जांच पड़ताल वाला सीन होता तो हमलावरों को पकड़ा जा सकता था लेकिन बीते लंबे समय से सिटी जोन में गश्त और अधिकारियों का एक्टिव मूवमेंट कम बताया जा रहा है।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय, पदाधिकारियों से की चुनावी चर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप मंगलवार को गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की और उनको आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी प्रत्येक घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करा रहे हैं ताकि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय हो।



**गोल मार्केट में व्यापारियों के साथ की नरेंद्र कश्यप ने बैठक :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप इन दिनों शहर से लेकर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में प्रत्याशियों के लिए प्रचार और पार्टी की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। साथ ही वे स्थानीय मुद्दों से लेकर व्यापारियों और अन्य वर्ग के लोगों की परेशानियों को भी सुलझाने का काम कर रहे हैं। मंगलवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप गोल मार्केट में व्यापारियों के साथ मिले और यहां भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए प्रचार किया। व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें बताया कि किस तरीके से भारतीय जनता पार्टी की सरकार व्यापारियों के हित को ध्यान में रखती है और उनका समय-समय पर साथ देती है। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप का व्यापारियों की ओर से फूलमाला और बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही समय देने के लिए उनका व्यापारियों ने धन्यवाद भी दिया।

**दुर्गा अष्टमी पर राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिल्ली गेट मंदिर में किए दुर्गा मां के दर्शन :** मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिल्ली गेट स्थित पौराणिक मंदिर में महामाई के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने अपने और परिवार के साथ ही गाजियाबाद के निवासी और प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य और समृद्धशाली बनने की कामना भी की है। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए पुरोहितों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि सुभाष छाबड़ा अध्यक्ष महानगर उद्योग व्यापार मंडल गोल मार्केट अध्यक्ष संजीव लाहोरिया सचिव सुरेश महाजन व्यापारीगण में पप्पू लहरिया टीटू महाजन सतीश बत्रा उदयवीर लाडी नरेंद्र ढींगरा पवन महाजन मामा हरि मेहता, तिलक महाजन, तनुज, गंभीर, सरदारजी, संजीव चावला, अशोक धींगरा, रमेश धीरज, तरुण, शरद मित्तल, धर्मपाल व व्यापारीगण उपस्थित थे।

# अचानक सुर्खियों में आ गया है अमरपाल शर्मा का चुनाव

## बागपत लोकसभा सीट पर खेला है सपा-कांग्रेस ने एक मजबूत दांव



**करंट क्राइम।** अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक हैं और राजनीति के सुपर खिलाड़ी माने जाते हैं। चुनाव लड़ने के योद्धा हैं और उन्हें मालूम है कि इस जंग में कौन से मौके पर कौन से अस्त्र का प्रयोग करना है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे पहले विधायक रहे हैं। खोड़ा नगर पालिका में भाजपा को हराकर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव जितवाया है। सबसे बड़ी बात ये है कि बागपत लोकसभा सीट पर सपा ने टिकट घोषित करने के बाद अपने फैसले को बदला और यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद से अमरपाल शर्मा को लोकसभा में उम्मीदवार बनाया है। अमरपाल शर्मा ने भी यहां धुआंधार पारी खेली है। चुनाव के मैच का नतीजा जब आयेगा आ जायेगा लेकिन यहां अमरपाल शर्मा ने अपने चुनाव



को इस तरह से उठाया है कि अचानक सुर्खियों में उनका चुनाव आ गया है। वो बागपत की पिच पर खेल रहे हैं और यहां पर उनके चुनावी मैनेजमेंट ने भाजपा रालोद के गठबंधन वाले समीकरण में सेंध लगाई है। बड़ी बात ये है कि यहां अमरपाल शर्मा ने जनसम्पर्क से लेकर समीकरण कनैक्शन के तार बड़ी मजबूती से जोड़े हैं।

वो देहात में गांव गांव जा रहे हैं तो शहरी क्षेत्र में मौहल्ला गलियां छान मारी हैं। अपने समीकरण को साधा है और यहां के चुनावी जानकार अब अमरपाल शर्मा की पारी को जानदार बता रहे हैं। सूत्र ये भी बता रहे हैं कि



अमरपाल शर्मा की तैयारी देखकर यहां भाजपा भी अलर्ट मोड पर आ गयी है। चुनाव में एक निर्णायक मोड लेना शुरू कर दिया है। बागपत लोकसभा क्षेत्र में सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा की लगातार बैठकें हो रहीं है। सबसे बड़ी बात ये है कि अमरपाल शर्मा ने यहां अपने चुनाव को इस तरह से साधा है कि कई जातियों और वर्गों को साथ ले लिया है। बागपत लोकसभा क्षेत्र में समीकरण का ऊंट जिस भी करवट बैठेगा लेकिन यहां पर चुनाव रोचक मोड में आ गया है। अमरपाल शर्मा ने यहां बड़ी मजबूती के साथ उन बिरादरी में सेंध लगायी है जिन्हें दूसरे दल हल्के में लेकर चल रहे थे।

अब उन्हें पार्टी के वोट बैंक का बैकअप कितना मिलता है इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा और व्यक्तिगत रूप से अपनी मेहनत से अपने चुनाव में एक जान फूंक दी है।

# आज धौलाना में क्षत्रिय समाज का महासम्मेलन

## टिकी सभी राजनीतिक दलों की नजरें

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र में आज क्षत्रिय समाज की विशाल सभा आयोजित होने जा रही है।

इस सभा के माध्यम से ठाकुर समाज के लोग भाजपा के खिलाफ सत्ता एवं टिकट वितरण में अनदेखी को लेकर अपना विरोध दर्ज करायेंगे। आज होने जा रहे सम्मेलन को लेकर काफी दिनों से तैयारियां चल रही हैं। आयोजन में शामिल होने वाली समाज की भीड़ से आज ये स्पष्ट हो जाएगा कि भाजपा को लेकर समाज में कितना विरोध है। सभा का आयोजन आज दोपहर पुरानी तहसील में होगा। जिसमें ठाकुर समाज से जुड़े कई नेता, रिटायर्ड अधिकारी एवं कई प्रमुख चेहरे शामिल होंगे। सम्मेलन पर भाजपा से लेकर अन्य विपक्षी दलों की निगाहें टिक गई हैं। आज होने जा रहे सम्मेलन से ये भी तय हो जाएगा कि ठाकुर समाज गाजियाबाद से किस दल के उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन का एलान करता है।

> **इस सम्मेलन से तय हो जाएगा कि ठाकुर समाज किस दल के पक्ष में करता है समर्थन का एलान**

## संपादकीय

# विस्तार पाते संकल्प

भाजपा के संकल्प-पत्र में कुछ भी नयापन नहीं है। योजनाओं का या तो विस्तार किया गया है अथवा राष्ट्रीयकरण की घोषणा की गई है। भाजपा पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के रिकॉर्ड और लोकप्रियता के भरोसे है। प्रत्यक्ष रेवड़ियों अथवा मुफ्तखोरी का कोई भी संकल्प नहीं किया गया है। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों के लिए 5 किलो मुफ्त अनाज की योजना 2029 तक जारी रहेगी। यह देश आकलन करेगा कि वह इसे मुफ्तखोरी की जमात में रखता है अथवा इसे सामाजिक-राष्ट्रीय कल्याण की जरूरत मानता है! हालांकि कोरोना-काल के काले-आर्थिक प्रभाव अब समाप्त हो चुके हैं। बहरहाल भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। मसलन-70 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को आयुष्मान भारत के दायरे में रखा जाएगा। ऐसे बुजुर्ग गरीब हों या मध्यवर्गीय हों अथवा सम्पन्न हों, सभी को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। सरकार ने 60-70 साल के सभी बुजुर्गों को इस योजना में क्यों नहीं रखा, इसका स्पष्टीकरण सरकार ही दे सकती है। इस आयु-वर्ग को भी कंपनियां स्वास्थ्य बीमा नहीं देती हैं अथवा बीमे की किस्त बहुत महंगी होती है। यदि सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान के दायरे में रखा जाता, तो भाजपा एक और लाभार्थी वर्ग तैयार कर सकती थी। भाजपा ने समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव, नागरिकता संशोधन अधिनियम, 3 करोड़ लखपति दीदी आदि योजनाओं को लागू करने या विस्तार देने की घोषणा की है। भाजपा के वैचारिक कार्यक्रमों में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और समान नागरिक संहिता शामिल रहे हैं। अब सिर्फ नागरिक संहिता को ही देश भर में लागू करना शेष है। यह मोदी सरकार के नए कार्यकाल के दौरान सम्पन्न किया जा सकता है। शुक्र है कि ह्यसंकल्प-पत्र में एनआरसी का कोई जिक्र नहीं है। भाजपा की वैचारिकता में तीन तलाक का कानून और नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत विदेशों में पीड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदायों को भारत की नागरिकता देना प्रधानमंत्री मोदी ने शामिल किया था। इससे औसतन 18-20 फीसदी मुस्लिम वोट भी भाजपा के पक्ष में आने लगे हैं। संकल्प-पत्र में गरीबों के लिए 3 करोड़ और पक्के घर बनाना, जबकि 4 करोड़ बनाए जा चुके हैं, मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ा कर 20 लाख रुपए करना, गांवों में 3 करोड़ लखपति दीदी और बनाना, 6000 रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि आदि पुरानी योजनाएं ही हैं, जिनमें विस्तार किया गया है अथवा यथावत जारी रखा गया है। इन विस्तारों की घोषणा अंतरिम बजट में और 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय संबोधन में भी की जा चुकी है। एक योजना में कुछ नयापन प्रतीत होता है। प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा- सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। संकल्प-पत्र के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वायदे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख ही नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं। सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। ऐसा भी दौर भारत ने देखा है, जब मुद्रास्फीति 24-26 फीसदी या 12-14 फीसदी होती थी। फिर भी देश को सब कुछ नए जनादेश पर छोड़ देना चाहिए। रोजगार के मामले में देखें, तो कांग्रेस ने पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की बात कही है। उधर लालू के दल ने एक करोड़ सरकारी नौकरियों की बात कही है, लेकिन भाजपा इस मामले में चुप दिखती है।

# टेस्ला में जा सकती है 14,000 कर्मचारियों की नौकरी

### कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एलन मस्क के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी टेस्ला कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। कंपनी भूमिकाओं के दोहराव का हवाला देते हुए अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10% से अधिक की छंटनी करने की योजना पर काम कर रही है। अगर यह फैसला लागू किया जाता है तो इससे 14,000 लोगों की नौकरी जा सकती है। एक एक आंतरिक ईमेल में, सीईओ मस्क ने कहा कि तेज विकास के कारण कंपनी में भूमिकाओं का दोहराव हुआ है और विकास के अगले चरण के लिए लागत में कमी जरूरी हो गई है।

मस्क ने लिखा, जैसा कि हम कंपनी को विकास के अगले चरण के लिए तैयार करते हैं, ऐसे में लागत में कटौती समेत उत्पादकता बढ़ाने के लिए कंपनी के हर पहलू को देखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रयास के तहत हमने संगठन की गहन समीक्षा की है और वैश्विक स्तर पर अपने कर्मचारियों की संख्या को 10% से अधिक घटाने का कठिन निर्णय लिया है। ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे मैं बहुत अधिक पसंद नहीं करता हूं, लेकिन




यह किया जाना चाहिए। टेस्ला की ओर से यह घोषणा ऑटो डिलीवरी में गिरावट की सूचना देने के कुछ दिनों बाद की गई है।

कंपनी ने मांग को बढ़ाने के लिए अपने ईवी की कीमतों में कटौती का एलान किया है। टेस्ला के मुखिया एलन मस्क का इस महीने की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम है। उन्मीद है कि इस दौरान वे भारत में टेस्ला का नया प्लांट खोलने की घोषणा करें।

### टेस्ला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड्रू बग्लिनो ने दिया इस्तीफा

टेस्ला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ड्रू बग्लिनो ने कार निमार्ता की नौकरी में कटौती के सबसे बड़े दौर के बीच कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। इलेक्ट्रिक-वाहन की मांग में कमी के बीच कंपनी ने अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में 10% से अधिक की कटौती का प्लान बताया है। इसके परिणामस्वरुप कुछ डिवीजनों में 20% तक की छंटनी हो सकती है।

उन्होंने अपने एक्स प्रोफाइल पर पोस्ट किया था, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं। ड्रू बग्लिनो टेस्ला में चार नामित कार्यकारी अधिकारियों में से एक रहे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, वह कंपनी की बैटरी, मोटर्स और ऊर्जा उत्पादों के लिए इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विकास इकाई का नेतृत्व कर रहे थे।

उनके पास 18 वर्षों का कायार्नुभव है और उन्होंने पिछले साल टेस्ला के निवेशक दिवस सहित कई कार्यक्रमों में एलन मस्क के साथ मंच साझा किया था।

# भारत पे ने नलिन नेगी को अपना स्थायी सीईओ नियुक्त किया



**नई दिल्ली।** भारत पे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के निष्कासन के बाद शीर्ष स्तर के कर्मचारियों की विदाई की श्रृंखला के बीच जनवरी 2023 में जब सुहेल समीर ने उएड का पद छोड़ा था तब से नेगी अंतरिम सीईओ के रूप में काम कर रहे थे। अब उन्हें नियमित सीईओ की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

भारतपे ने नलिन नेगी को आधिकारिक तौर पर अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त कर दिया है। इससे पहले 15 महीनों से वे अंतरिम सीईओ और मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। नेगी, 2022 में भारतपे से जुड़े थे। भारत पे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के निष्कासन के बाद शीर्ष स्तर के कर्मचारियों की विदाई की श्रृंखला के बीच जनवरी 2023 में जब सुहेल समीर ने उएड का पद छोड़ा था तब से नेगी अंतरिम सीईओ के रूप में काम कर रहे थे।

कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा है कि नेगी के नेतृत्व में भारत पे के परिचालन राजस्व में वित्तीय वर्ष 2023 में करीब 182% का इजाफा हुआ। इस दौरान अक्तूबर महीने में पहली बार कंपनी का सकारात्मक दायरे में आया। जल्द ही कंपनी नए सीएफओ का एलान कर सकती है।

# क्या 'डेयरी ऋण योजना' के तहत नाबार्ड सीधे लोन देता है? अफवाहों पर बैंक ने बयान जारी कर साफ की स्थिति

**नई दिल्ली।** नाबार्ड ने कहा है कि वह एक शीर्ष विकास वित्त संस्थान के रुप में, ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजनाऱ के बारे में फैलाए जा रहे अफवाहों पर एक बयान जारी कर स्थिति साफ की है। नाबार्ड ने स्पष्ट रूप से उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि, वह डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ने कहा है कि वह एक शीर्ष विकास वित्त संस्थान के रुप में, ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। नाबार्ड ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं की सटीक जानकारी नाबार्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.nabard.org से प्राप्त की जा सकती है। नाबार्ड ने अपने सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया है। नाबार्ड ने कहा है कि असत्यापित जानकारी से किसी को भी वित्तीय जोखिम और गलतफहमी हो सकती है।

नाबार्ड ने कहा है कि संधारणीय आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न पहलों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास और कृषि को बढ़ावा देने के प्रतिबद्ध है। नाबार्ड ने हितधारकों से अपील की है कि, वे सटीक जानकारी का प्रसार सुनिश्चित करने और गलत जानकारी के प्रसार को रोकने में सहायता करें। नाबार्ड ने कहा है कि अधिक स्पष्टीकरण के लिए या पूछताछ के लिए, कृपया सीधे नाबार्ड या उसके निकटतम कार्यालय से संपर्क करें।

### ग्राहक को कर्ज देते समय बैंक को देनी होंगी सभी जानकारियां, आरबीआई ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को एक अक्तूबर से खुदरा एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्ज लेने वाले ग्राहकों को ब्याज व अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में पूरी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिए गए नए कर्ज भी शामिल हैं। आरबीआई का यह निर्देश उसके नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की ओर से दिए जाने वाले खुदरा व एमएसएमई टर्म लोन पर लागू होगा।

बैंक ने सोमवार को कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निदेशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है। इससे कर्ज लेने वाले भी सोच-समझकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे।

## राशिफल

**मेष:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहजनक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**वृष:** नवीन वस्त्राभूषण के लिए व्यय होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य सहज ही होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**मिथुन:** अप्रत्याशित खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:** नई योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**कन्या:** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। देवदर्शन के लिए यात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक:** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**धनु:** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे।

**मकर:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ:** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। बेरोजगारी दूर होगी। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे होंगे।

**मीन:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय अनुकूल लाभ देगा।

## चुटकुले

लड़की – फूलवाले भैया, कितने का दिया ये गुलाब?
फूलवाला – 50 रुपये का एक गुलाब!
लड़की – इतना महंगा कैसे?
फूलवाला – माय लाइफ, माय रुल्स, माय रेट, माय फूल्स...!!!

पता नहीं वो कौन से लड़के होते हैं जिनके सपनों में राजकुमारियां आती हैं... मेरे सपने में तो मैं कभी मर जाता हूं या दूसरों को मार देता हूं...!!!

किसी ने क्या खूब कहा है...
धूप पड़ी जब हीर पर,
पिघल गया श्रृंगार...
और रांझा उसको छोड़कर
भाग गया हरिद्वार...!!!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम होता है।
- 30 से 35 मिनट की पढ़ाई के बाद 10 मिनट का ब्रेक लेने से पढ़ा हुआ याद रखने का सबसे कारगर तरीका है।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मोहित पांचाल और शिल्पा पांचाल की मैरिज एनिवर्सरी पर दोनो को उनके परिजनों, मित्रो समर्थको तथा शुभचिंतकों ने विशेष बधाई शुभकामनाएं दी। सभी ने उनके खुशहाल सफल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाए दी।

### एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स




**नई दिल्ली।** एसबीआई के शोधकताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई के शोधकताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना से शेष शामिल हैं। केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी : देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# खराब फॉर्म के बाद आईपीएल से हटे ग्लेन मैक्सवेल, अनिश्चितकालीन ब्रेक लिया




**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन से हटने का फैसला लिया है। उन्होंने अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी की करारी हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करते हुए इस खबर का खुलासा किया। मैक्सवेल को इस सीजन खराब फॉर्म की वजह से काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स के खिलाफ तो वह प्लेइंग-11 तक का हिस्सा नहीं थे। विल जैक्स ने उनकी जगह प्लेइंग-11 में जगह बनाई थी। मैच के बाद मैक्सवेल ने समझाया कि उन्होंने कप्तान फाफ डुप्लेसिस को खुद किसी और को आजमाने के लिए कहा था।

**'मानसिक और शारीरिक स्थिति को ठीक करने के लिए लिया ब्रेक'**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैक्सवेल ने कहा कि वह इस समय अच्छे मानसिक और शारीरिक स्थिति में नहीं हैं। इसलिए उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने हालांकि, यह नहीं बताया कि वह कब तक इस लीग में नहीं खेलेंगे या फिर वह अगले सीजन में भी वापसी करेंगे या नहीं। मैक्सवेल ने आरसीबी की सात मैचों में छठी हार के बाद कहा- निजी तौर पर मेरे लिए यह काफी आसान फैसला था। मैं पिछले मैच के बाद फाफ (डु प्लेसिस) और कोच के पास गया और कहा कि मुझे लगता है कि यह शायद समय है कि हम किसी और को आजमाएं। मैक्सवेल ने कहा- मैं पहले भी इस स्थिति में रहा हूं। आप चाहें तो खेलना जारी रख सकते हैं और खुद को और अंधकार में धकेल सकते हैं। हालांकि, मुझे लगता है कि अब सच में मेरे लिए खुद को मानसिक और शारीरिक ब्रेक देने, अपने शरीर को सही करने का एक अच्छा समय देना मौका है। अगर मुझे टूर्नामेंट के दौरान खेलने की जरूरत होती है, तो मैं उम्मीद करता हूं कि मैं एक ठोस मानसिक और शारीरिक स्थिति से वापसी करूंगा और प्रभाव डालने की कोशिश करूंगा।

**'टीम को योगदान नहीं दे पा रहा था'**

मैक्सवेल ने कहा- पावरप्ले के बाद हमारी बल्लेबाजी में थोड़ी कमी है, जो पिछले कुछ सत्रों में मेरी ताकत रही है। हालांकि, अब मुझे लगा कि मैं बल्ले के साथ सकारात्मक तरीके से टीम को योगदान नहीं दे पा रहा था। यही वजह है कि परिणाम और टीम की स्थिति अच्छी नहीं है और हम सबसे नीचे हैं। मुझे लगता है कि यह किसी और को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का एक अच्छा समय है और उम्मीद है कोई उस स्थान को अपना बना सकता है।

**पहले भी ब्रेक ले चुके हैं मैक्सवेल**

यह पहली बार नहीं है जब मैक्सवेल ने मानसिक थकान के कारण खेल से ब्रेक लिया है। हालांकि, अब जब उनके लिए चीजें सही नहीं चल रही हैं तो उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया है और फ्रेंचाइजी को अन्य विकल्पों का उपयोग करने की सलाह दी है। मैक्सवेल इस ब्रेक का इस्तेमाल कर और मजबूती और ताकत के साथ वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में कभी-कभी ऐसा हो सकता है। यह काफी विचित्र खेल है। अगर आप पहले मैच को भी देखो तो मैंने अच्छा खेलने की कोशिश की। मैंने लेंथ को अच्छे से पिक किया। मुझे लगा कि मैं स्कोर कर सकता हूं, लेकिन अपने बल्ले का चेहरा ज्यादा खोल दिया। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं।

# कोलकाता-राजस्थान के बीच नंबर-एक बनने की लड़ाई




**कोलकाता।** आईपीएल 2024 में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से है। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है, क्योंकि यह लड़ाई नंबर-एक बनने को लेकर है। राजस्थान की टीम फिलहाल अंक तालिका में नंबर एक है। उसके छह मैचों के बाद 10 अंक हैं। वहीं, कोलकाता की टीम के आठ अंक हैं। सैमसन की टीम अगर जीत हासिल करती है तो नंबर एक बनी रहेगी, वहीं अगर श्रेयस अय्यर की कोलकाता टीम जीती तो सीधे अंक तालिका में नंबर एक बन जाएगी। इस स्थिति में दोनों के अंक समान हो जाएंगे, लेकिन केकेआर नेट रन रेट के मामले में राजस्थान से आगे निकल जाएगी। राजस्थान ने अब तक छह में से पांच मुकाबले जीते हैं और सिर्फ गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, कोलकाता की टीम पांच में से चार मुकाबले जीत चुकी है और सिर्फ चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों के बीच हेड टु हेड रिकॉर्ड की बात करें तो कोलकाता और राजस्थान के बीच अब तक कुल 28 मैच खेले गए हैं। इसमें से केकेआर ने 14 और राजस्थान ने 13 मैच जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। यानी दोनों टीमों के बीच अब तक कांटे की टक्कर देखने को मिली है। फैंस इस मैच में भी यही उम्मीद कर रहे होंगे। वहीं, दोनों टीमें कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में 10 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इसमें से छह मैच केकेआर ने और तीन मैच आरआर ने जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में राजस्थान ने तीन और कोलकाता ने दो मैच जीते हैं। टीम न्यूज की बात करें तो कोलकाता टीम के उपकप्तान नीतीश राणा कुछ समय पहले ही फिट घोषित किए जा चुके हैं, लेकिन पिछले दो मैच से नहीं खेले हैं। इसके अलावा केकेआर की टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं, राजस्थान के लिए पिछले मैच में आर अश्विन, जोस बटलर, संदीप शर्मा और नांद्रे बर्गर नहीं खेले थे। इनमें से अश्विन की वापसी तय है। उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजी में लंबा वक्त बिताया। वहीं, जोस बटलर की फिटनेस पर भी सवालिया निशान हैं। अगर वह नहीं खेलते हैं तो टॉम कोहलर कैडमोर को भी मौका मिल सकता है। या फिर यशस्वी जायसवाल के साथ ध्रुव जुरेल को ओपनिंग दी जा सकती है।

# मोहन बागान ने पहला आईएसएल लीग शील्ड जीता

**मुंबई।** मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर पहली आईएसएल लीग शील्ड जीत ली। लिस्टन कोलासो ने 28वें और जैसन कमिंस ने 80वें मिनट में मोहन बागान के लिये गोल दागे। मुंबई सिटी एफसी के लिये एकमात्र गोल लालियांजुआला छांगटे ने 89वें मिनट में किया। यह दो बार की विजेता मुंबई पर मोहन बागान की पहली जीत थी। इस जीत से बागान को पहली बार एएफसी चैम्पियंस लीग 2 में भी पहली बार जगह बना ली। इसके साथ ही लीग चरण के मुकाबले खत्म हो गए और अब 19 अप्रैल से छह टीमों का प्लेआफ होगा। शीर्ष दो टीमें मोहन बागान और मुंबई सिटी सीधे सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रही गोवा, ओडिशा, केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयिन एफसी नॉकआउट प्रारूप में एकल चरण के प्लेआफ खेलेंगी। आईएसएल फाइनल चार मई को होगा। मोहन बागान की हौसलाअफजाई के लिये आईपीएल की लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल भी मौजूद थे।

# 'बड़ा खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल पर था दबाव' इस पूर्व खिलाड़ी ने किया आरसीबी के ऑलराउंडर का समर्थन



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए आईपीएल 2024 का सीजन अच्छा नहीं जा रहा है और टीम ने सात में से छह मुकाबले गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर मौजूद है। आरसीबी के लिए ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की फॉर्म भी चिंता का विषय रही जो चोटिल हो गए थे और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में नहीं उतरे थे। मैक्सवेल ने मंगलवार को आईपीएल से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक लेने का फैसला किया। अब उनके हमवतन और दिल्ली कैपिटल्स कोच रिकी पोंटिंग मैक्सवेल के समर्थन में उतरे हैं।

**'मानसिक और शारीरिक स्थिति को ठीक करने के लिए लिया ब्रेक'**

मैक्सवेल ने कहा कि वह इस समय अच्छे मानसिक और शारीरिक स्थिति में नहीं हैं। इसलिए उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने हालांकि, यह नहीं बताया कि वह कब तक इस लीग में नहीं खेलेंगे या फिर वह अगले सीजन में भी वापसी करेंगे या नहीं। यह दूसरी बार है जब मैक्सवेल ने इस कारण से ब्रेक लिया है। मैक्सवेल ने आरसीबी की सात मैचों में छठी हार के बाद कहा- निजी तौर पर मेरे लिए यह काफी आसान फैसला था। मैं पिछले मैच के बाद फाफ डुप्लेसिस और कोच के पास गया और कहा कि मुझे लगता है कि यह शायद समय है कि हम किसी और को आजमाएं।

**'कोहली की तरह आरसीबी के बड़े खिलाड़ी हैं मैक्सवेल'**

पोंटिंग ने कहा, आरसीबी में ग्लेन मैक्सवेल विराट कोहली की ही तरह बड़े खिलाड़ी हैं और उस टीम में कई खिलाड़ियों पर दबाव रहता है। अगर वे प्रदर्शन नहीं कर पाते तो ऐसा ट्रेंड बनता है कि उन्हें फोलो नहीं करना हैं। अगर आप देखें कि आरसीबी का इस सीजन किस तरह का प्रदर्शन रहा है तो आप देख सकेंगे कि इसका खिलाड़ियों पर व्यक्तिगत रूप से दबाव बन रहा है। मैं पढ़ा कि ग्लेन मैक्सवेल ब्रेक लेना चाहते हैं। कुछ खराब मैच के बाद उन्होंने इस तरह का निर्णय लिया है। सभी खिलाड़ी अलग होते हैं। कुछ लगातार मेहनत करते हैं तो अच्छा करने की कोशिश करते हैं, जबकि कुछ खिलाड़ी एक कदम पीछे लेकर ब्रेक लेते हैं।

**'खिलाड़ियों की मानसिक स्वास्थ्य की चिंता करना कोच का काम'**

पोंटिंग का मानना है कि किसी टीम के कोच के लिए खिलाड़ियों की मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, किसी भी कोच के लिए यह समझना जरूरी है कि टीम में आपके साथ जो भी हैं उनका स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी है। एलीट खिलाड़ियों के लिए जरूरी है कि उनके परिवार के लोग आसपास ही रहें क्योंकि वे लोग किसी भी खिलाड़ी की सफलता में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। काफी क्रिकेट खेला जा रहा है जिस कारण लंबे समय तक खिलाड़ी घर से बाहर होते हैं। वे हर उन चीजों से दूर होते हैं जो उन्हें खुशियां देती है। मैं भाग्यशाली हूं कि पिछले कुछ सप्ताह से मैं और मेरा परिवार साथ समय बिता रहा है।

# 'क्रिकेट के बाहर की चीजें प्रभावित करती हैं, मेरी शुरूआत अच्छी नहीं रही'




**जयपुर।** रियान पराग की क्रिकेट यात्रा की शुरूआत इतनी अच्छी नहीं रही और उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर लगातार 'ट्रोलिंग' का सामना करना आसान नहीं है तथा क्रिकेट के बाहर की जिंदगी वास्तव में प्रभावित करती हैं। पिछले सभी सीजन को मिलाकर 54 मैच में केवल 600 रन जुटाने वाले पराग को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग और मीम का सामना करना पड़ा था। हालांकि, रियान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सीजन में अभी तक 284 रन बना लिए हैं, जिससे वह इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर चल रहे हैं।


रियान अब समझ गए हैं कि सोशल मीडिया पर इस तरह ट्रोलिंग का जवाब पिच पर बल्ले से ही दिया जा सकता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले राजस्थान रॉयल्स के मैच से पहले रियान ने कहा- क्रिकेट से बाहर की जिंदगी आपको वास्तव में प्रभावित करती है।

मेरे करियर में यही एक बड़ी चीज रही है कि मैं इससे कैसे निपटूं। उन्होंने कहा- मेरे लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही। मेरे बारे में जो भी कहा गया, जो भी था, मैंने काफी चीजों को दिल से लगा लिया। इसके बाद मुझे समझना पड़ा कि मेरे लिए क्या चीज अहम है, किसकी राय मायने रखती हैं और मैंने धीरे धीरे समझना शुरू किया और अंत में इससे मदद मिली।

# आईपीएल का सबसे बड़ा लक्ष्य चेज नहीं कर सकी आरसीबी, आईपीएल इतिहास की सबसे महंगे स्पेल

**आईपीएल इतिहास की सबसे महंगे स्पेल**

| विकेट/रन | खिलाड़ी | खिलाफ | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|
| 0/70 | बसिल थम्पी | RCB | बेंगलुरु | 2018 |
| 0/69 | यश दयाल | KKR | अहमदाबाद | 2023 |
| 1/68 | रीस टॉप्ले | SRH | बेंगलुरु | 2024 |



**बेंगलुरु।** सबसे ज्यादा छक्कों से लेकर उच्चतम स्कोर तक, ट्रेविस हेड की बदौलत हैदराबाद ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ीआईपीएल 2024 के 30वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सनराइजर्स ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। इसी आईपीएल में उसने कुछ दिन पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए तीन विकेट पर 277 रन के सर्वोच्च स्कोर को पीछे छोड़ दिया। यही नहीं यह टी20 क्रिकेट का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर तीन विकेट पर 314 रन है, जो नेपाल ने 2023 में मंगोलिया के खिलाफ बनाया था। हैदराबाद के इस स्कोर के लिए ट्रेविस हेड के 41 गेंद में नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से बनाए गए 102 रन जिम्मेदार रहे। हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंद में 67 रन बनाए। हेड ने अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 49 गेंद में 108, क्लासेन ने मार्करम के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 66 और अंत में एडेन मार्करम और अब्दुल समद ने 19 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी की।

**सनराइजर्स ने पावरप्ले में अपना छठा सबसे बड़ा स्कोर बनाया**

फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर सनराइजर्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया, लेकिन ट्रेविस हेड ने उनके इस फैसले उल्टा साबित कर दिया। दूसरे ही ओवर में हेड-अभिषेक ने 20 रन बनाए। हेड ने पांचवें ओवर में फर्ग्यूसन पर लगातार दो छक्के लगाकर 4.3 ओवर में हैदराबाद को 50 रन पर पहुंचा दिया। हेड यहीं नहीं रुके छठे ओवर में उन्होंने यश दयाल पर दो छक्के लगाए और सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा कर लिया। हेड की बदौलत हैदराबाद ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 76 रन बना डाले। यह हैदराबाद के लिए पावरप्ले में छठा सबसे बड़ा स्कोर रहा।

**आईपीएल में हेड का पहला शतक**

हेड ने आक्रामकता से बल्लेबाजी जारी रखी और सातवें ओवर में उन्हें जैक्स पर चौका और दो छक्के जड़े। आठवें ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक ने छक्का लगाकर हैदराबाद को 100 के पार करा दिया। टॉप्ले ने अभिषेक को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अभिषेक ने 22 गेंद में 34 रन बनाए। उन्होंने हेड के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने मात्र 43 गेंद में 100+ रन की साझेदारी कर ली, जो कि सनराइजर्स के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज साझेदारी है। इससे पहले डेविड वॉर्नर और मोइसेस हेनरिक्स ने 2015 में हैदराबाद में आरसीबी के खिलाफ ही दूसरे विकेट के लिए 43 गेंद में ही 100+ रन की साझेदारी की थी। विकेट गिरने के बावजूद हेड के लगातार प्रहार जारी रहे। 10 ओवर में हैदराबाद ने एक विकेट पर 128 रन बनाए थे, जिसमें हेड ने 33 गेंद में छह चौके, आठ छक्के की मदद से 86 रन बनाए थे। 12वें ओवर में हेड ने विजय कुमार पर तीन चौके लगाकर सिर्फ 39 गेंद में अपना शतक पूरा कर लिया। यह उनका पहला और आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक रहा।

**आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे 200 रन**

फर्ग्यूसन ने 13वें ओवर में हेड को डुप्लेसिस के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 41 गेंद में 102 रन बनाए। हेड ने दूसरे विकेट के लिए हेनरिक क्लासेन के साथ 26 गेंद में 57 रन जोड़े। हेड के आउट होने के बाद आरसीबी के गेंदबाजों पर क्लासेन बरस पड़े। उन्होंने इस दौरान चार छक्के लगाकर 23 गेंद में अपना पांचवां आईपीएल का अर्धशतक पूरा किया। साथ ही हैदराबाद ने 15 ओवर में दो 200 रन भी पूरे कर लिए। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे तेज 200 रन रहा। क्लासेन ने इसके बाद दो और छक्के लगाए। वह 31 गेंद में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाकर आउट हुए।

**समद-मार्करम के बल्ले से रनों की बारिश**

19वें ओवर में अब्दुल समद ने टॉप्ले पर दो छक्के, तीन चौके लगाकर 25 रन बटोरे और हैदराबाद को 266 रन पर पहुंचा दिया। 19.3 ओवर में हैदराबाद एक बार फिर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। मार्करम ने चौका और छक्का लगाने के बाद एक रन लेते हुए हैदराबाद को 278 रन पर पहुंचा दिया। इसी आईपीएल में हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाए थे। इस ओवर में 21 रन आए। समद 10 गेंद में 37 और मार्करम 17 गेंद में 32 रन पर नाबाद रहे।

**सनराइजर्स हैदराबाद ने की छक्कों की बौछार**

सनराइजर्स ने इस पारी में कुल 22 छक्के लगाए जो कि आईपीएल में किसी भी टीम द्वारा एक पारी में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड आरसीबी के नाम था। उन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बेंगलुरु में 21 छक्के लगाए थे। वहीं, सनराइजर्स के नाम इससे पहले एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड 17 का था, जो उन्होंने इसी सीजन मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैदराबाद में लगाए थे।

**टॉप्ले समेत बेंगलुरु के गेंदबाजों के नाम अनचाहा रिकॉर्ड**

आरसीबी के तेज गेंदबाद रीस टॉप्ले ने चार ओवर में 68 रन दिए और एक विकेट लिया। वह आईपीएल इतिहास के एक मैच में सबसे ज्यादा रन खर्च करने वाले विदेशी गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुजीब जादरान और क्वेन मफाका के नाम था। मुजीब ने 2019 में सनराइजर्स के खिलाफ और मफाका ने 2024 में भी सनराइजर्स के खिलाफ ही 66-66 रन लुटाए थे। वहीं, ओवरऑल टॉप्ले तीसरे सबसे महंगे गेंदबाज रहे। बसिल थम्पी ने 2018 में बेंगलुरु के खिलाफ 70 रन और यश दयाल ने 2023 में कोलकाता के खिलाफ 69 रन लुटाए थे। आरसीबी के चार गेंदबाजों ने 50+ रन खर्च किए।

यह आईपीएल में पहली बार है जब एकसाथ चार गेंदबाजों ने 50 रन से ज्यादा दिए।

# ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर




**नई दिल्ली।** भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। रुपिंदर सिंह ने पीटीआई वीडियो से कहा, हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था। आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

# एआईएफएफ अध्यक्ष का बयान, कहा- सात महीने में चार खिताब, कोलकाता के बिग थ्री की सफलता का बड़ा असर होगा

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि कोलकाता के बिग थ्री - मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग - की सफलता का सिर्फ राज्य फुटबॉल पर ही व्यापक प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि इसका देश में खेल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सात महीने में चार खिताब और भारतीय फुटबॉल का मक्का कहा जाने वाला कोलकाता सोमवार को यहां खचाखच भरे सॉल्ट लेक स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी पर 2-1 की जीत के बाद मोहन बागान के पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की लीग विजेता शील्ड जीतने का जश्न मना रहा है। चौबे ने पीटीआई से कहा, आईएसएल शील्ड, आईलीग ट्रॉफी, सुपर कप और डूरंड कप को पश्चिम बंगाल में लाना राज्य में नए जमाने के फुटबॉल और इन क्लबों का फुटबॉल के नए मानदंडों के अनुकूल होने का संकेत है। उन्होंने कहा, कोलकाता के तीन दिग्गजों को पश्चिम बंगाल, भारत और विश्व स्तर पर प्रशंसकों का भारी समर्थन हासिल है। मुझे यकीन है कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की सफलता, और साथ ही मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अगले सत्र में आईएसएल में शामिल होने से भारतीय फुटबॉल पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इसकी शुरूआत मोहन बागान ने पिछले साल तीन सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर 23 साल में अपने पहले डूरंड कप खिताब के साथ सत्र शुरू करके की। ईस्ट बंगाल ने 29 जनवरी को भुवनेश्वर में ओडिशा एफसी को 3-2 से हराकर सुपर कप जीता। इससे उनके 12 साल के ट्रॉफी के सूखे का अंत हुआ। कई बार निचली लीग में खिसकने के बाद वापसी करते हुए मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस महीने की शुरूआत में शिलांग लाजोंग एफसी को 2-1 से हराकर एक दौर शेष रहते हुए आईलीग का खिताब जीता और आईएसएल में जगह बनाई।

# टी20 विश्व कप की टीम को लेकर रोहित-द्रविड़ और अगरकर की दो घंटे की मीटिंग, हार्दिक को लेकर भी हुई चर्चा




**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने पिछले हफ्ते मुंबई में भारत की टी20 विश्व कप टीम पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीएल 2024 टूर्नामेंट के बीच, दो घंटे तक चली इस बैठक का मुख्य एजेंडा हार्दिक पांड्या का विश्व कप टीम में चयन था। चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए अंतिम 15 खिलाड़ियों का चयन करना है। इसमें अभी कुछ समय बाकी है, लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन हार्दिक की गेंदबाजी फिटनेस को लेकर चिंतित है। आईपीएल के 17वें संस्करण के ठीक बाद टी20 विश्व कप होना है।

काफी दबाव में हैं हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के मौजूदा कप्तान हार्दिक मैदान पर और मैदान के बाहर अत्यधिक दबाव में हैं। इस सीजन उनका प्रदर्शन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। हार्दिक ने छह मैचों में सिर्फ 131 रन बनाए हैं। आरसीबी के खिलाफ उस एक तूफानी पारी को छोड़कर, जहां उन्होंने सिर्फ छह गेंदों पर 21 रन बनाए, इसके अलावा बीच के ओवरों में उनके बैटिंग अप्रोच पर सवाल उठ रहे हैं। वह बीच के ओवरों में टीम के लिए रन निकालने में विफल रहे हैं। हार्दिक की स्टेडियम में जमकर हूटिंग भी हुई है। वह फैंस के निशाने पर रहे हैं।

**गेंदबाजी को लेकर चिंता में चयनकर्ता**

रोहित, द्रविड़ और अगरकर की चिंता टीम इंडिया की गेंदबाजी को लेकर ज्यादा है। इन तीनों ने पेस बॉलिंग ऑलराउंडर्स को लेकर ज्यादा चर्चा की। मौजूदा भारतीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बतौर बल्लेबाजी टी20 में हार्दिक का रिप्लेसमेंट बन सकते हैं, लेकिन टीम को हार्दिक की पेस की जरूरत है और उन्हें लगता है कि इस रोल में हार्दिक का कोई रिप्लेसमेंट नहीं है और वह टीम को बैलेंस करते हैं। हालांकि, हार्दिक इस सीजन गेंद के साथ बुरी तरह से ऑफ-कलर रहे हैं। उनमें निरंतरता और स्पष्टता की कमी दिखी है। इस सीजन हार्दिक ने छह मैचों में केवल दो बार अपने कोटे के चार ओवर फेंके हैं।

हार्दिक गेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके इनमें गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शामिल है। यह मुंबई के शुरूआती दो मैच थे। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक भी ओवर नहीं फेंका। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार्दिक ने तीन ओवर फेंके, लेकिन आखिरी ओवर में धोनी ने उन्हें लगातार तीन छक्के जड़े और सीएसके ने 26 रन बटोरे। हार्दिक ने आईपीएल 2024 में जो 11 ओवर फेंके हैं, उनमें उन्होंने केवल तीन विकेट लिए हैं और 12 रन प्रति ओवर की दर से रन खर्च किए हैं। हालांकि, उनकी गेंदबाजी में फिटनेस से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, लेकिन उनकी फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है।

भारतीय टीम मैनेजमेंट को ही उम्मीद रिपोर्ट के मुताबिक चयनकर्ता हार्दिक को टी20 वर्ल्ड कप की टीम में शामिल करने पर तभी विचार करेंगे, जब वह आईपीएल में नियमित रूप से अच्छी गेंदबाजी करेंगे। चयनकताओं का मानना है कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के कारण आईपीएल में हर मैच में हार्दिक से चार ओवरों की उम्मीद करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन वह अपने रिकॉर्ड को सुधारें ताकि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम को कोई दिक्कत न हो। भारतीय टीम मैनेजमेंट उम्मीद कर रहा है कि हार्दिक लय में आएंगे, क्योंकि वह टीम में संतुलन बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं और उनकी पावर-पैक हिटिंग टीम की बल्लेबाजी को भी अधिक गहराई देती है।

# अमरपाल शर्मा ने कई स्थानों पर किया जनसंपर्क



**मोदीनगर करंट क्राइम।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा ने अपने काफिले के साथ शहर के कई स्थानों पर जनसयंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। सुबह गोविन्दपुरी स्थित श्ज्ञिव चैक पर अनेक व्यपारियों ने उनका स्वागत किया ओर अपना समर्थन दियें जाने का वादा किया। इसके बाद वह कई कॉलोनियों में पंहुचे ओर लोगों से मुलाकात कर मतदातओं से रूबरू हुये ओर उनसे आश्वासन लिया कि उनके पक्ष में मतदान किया जायेंगा। लोगों ने अमरपाल शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन दिये जाने का वादा किया। इसके बाद वह अपने काफिले के साथ गांव सारा, निवाड़ी, पतला, खिंदोड़ा, मतौर, नगला, सुहाना, भनेडा, उजेड़ा, सोंदा, फतेहपुर, सिकेडा हजारी आदि कई गांव के लोगों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमरपाल शर्मा का जिनका चुनाव चिन्ह साइकिल पर मोहर लगाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ सपा के जिला उपाध्यक्ष व विधान सभा प्रभारी पं0 सतेन्द्र शर्मा, आम आदमी पार्टी के पं0 हरेन्द्र शर्मा, नगर अध्यक्ष सचिन दीक्षित, काग्रेंस से आशीष शर्मा सहित सैकडों लोग मौजूद रहें।

# भारत विकास परिषद ने किया कन्या पूजन कार्यक्रम को आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद साहिबाबाद शाखा द्वारा क्षेत्र दो विद्यालयों में ह्यकन्या पूजन ह्य कार्यक्रम को आयोजित करके अपने पांच सूत्रों में से एक सूत्र संस्कार को मनाया है। साहिबाबाद क्षेत्र में स्थित वार्ड 83 मे इंदिरा कॉलोनी स्कूल एवं लाजपत नगर कंपोजिट स्कूल किया हैं। भारत विकास परिषद के सदस्यों ने स्कूल के बच्चों को हलवा चने का प्रसाद स्वरूप दिया गया। सभी बच्चों को हैंड वॉश करने का सही तरीका भी बताया गया। सभी को एक हैंड वॉश की बोतल भी दी गई। फिर सभी बच्चों को उपहार स्वरूप एक छोटा पैकेट जिसमें पेंसिल रबर कटर, क्रेयुन कलर्स की डब्बी आदि स्टेशनरी दिया गया। इस प्रकार 111 कन्याओं का देवी स्वरूप पूजन किया गया। साहिबाबाद शाखा का विश्वास है कि स्कूल में कन्या पूजन का आयोजन कई मायनों में फायदेमंद होता है। यह छात्रों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के बारे में सीखने का मौका देता है। इससे छात्रों में कम उम्र से ही लड़कियों का सम्मान करने की भावना पैदा होती है। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष हरीश गर्ग और व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रवीण भाटी, अरुण शर्मा, महिला संयोजिका विशाखा, अंजू, निशी, रेखा गर्ग, रेखा गुप्ता, अर्पिता, ममता, विनीता, गीता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति रही।




## सिटी वाले कैश पर कब देंगे ध्यान



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सिटी जोन में कैश को लेकर ध्यान कब होगा, अब ऐसा सवाल हो रहा है। लगातार नदियापार वाली पुलिस लाखों की रिकवरी कर रही है, तो सिटी वाले साइलेंट हैं। वैसे अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जितनी कैश की रोटेशन सिटी जोन और एक हाईवे वाले रास्ते से होती है, उतनी कहीं नहीं होती। पर क्या कारण है जो सिटी वाले कैश को लेकर कुछ काम नहीं कर पा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में स्पेशल फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें भी इन दिनों और रात में ड्यूटी दे रही है, पर सिटी में अभी इसका असर देखने को नहीं मिल रहा है। 6 थानाक्षेत्रों की बात की जाए तो केवल अभी एक ही सर्किल में कैश वाला क्राइम रोकने का काम हुआ है। इसके साथ ही इस बार अभी भारी मात्रा में सिटी की कोई कैश बरामदगी भी नहीं हुई है। सुनने में आ रहा है कि नदियापार के एसीपी साहब चेकिंग का ऐसा जाल बुन चुके हैं कि रोजाना उनके सर्किल में आचार संहिता वाला कैश के मामले ओपन हो रहे हैं। नदियापार की पुलिस ने पहले साहिबाबाद, शालीमार गार्डन के बाद लिंक रोड थाना पुलिस ने भी कैश को लेकर खुलासा कर दिया है। वहीं दिल्ली बॉर्डर से सटे खास थाने के टू-स्टार शांत है। तो दो प्रमुख थानों के थ्री-स्टार अभी अपने इलाके वाले साहब के एक्शन मोड में आने का वेट कर रहे हैं या वह अभी चुनावी चेकिंग को लेकर सीरियस नहीं हुए हैं, यह भी सवाल उठता है। इसी के साथ कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सुनने में आ रहा है कि पहले चरण के मतदान के बाद कमिश्नरेट में कुछ और अधिकारियों को चुनाव की दृष्टिगत भेजा जाने वाला है। देखते हैं उसके बाद कमिश्नरेट की सूरत में और चुनावी एक्टिव मोड पुलिसिंग में कितना अंतर देखने को मिलता है। वैसे जिस तरह से नदियापार वाले कैश को लेकर कार्रवाई कर रहे हैं उससे सिटी वाले साहब व उनके सर्किल वाले एसीपी साहब लोग थोड़े अलर्ट आने वाले दिनों में हो सकते हैं। इसी के बीच जानकारी मिली है कि गोली वाली घटना के बाद एक साहब की टेंशन और बढ़ी है। इसी के साथ जो क्राइम वाली टीम पिछली लूट का खुलासा नहीं कर पाई थी उसके लिए फिर एक चैलेंज और आ गया है। वैसे जिस इलाके में घटना हुई है और वारदात कर हमलावर फरार हुए हैं, यह सिस्टम और सिस्टम में बैठे अधिकारियों के लिए भी एक सीख है कि चेकिंग रेलवे स्टेशन पर नहीं सड़कों पर हो।

## न्यूज डायरी

### लोनी थाने के बाहर से चोरी हो गया ट्रक

**लोनी( करंट क्राइम)।** अवैध मिटटी खनन में खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा सीज कर पुलिस कस्टगी में दिए गए ट्रक को थाने के बाहर से चोरी कर लिया गया। थाने के माल खाना इंचार्ज ने ट्रक मालिक और चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने के माला खाना इंचार्ज सोहनवीर ने लोनी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि 11 अप्रैल को खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी ने अवैध खनन के आरोप में एक मिटटी से भरा ट्रक सीज कर पुलिस कस्टडी में दिया था। ट्रक लोनी थाने के बाहर खडा था, लेकिन 15 अप्रैल की सुबह ट्रक थाने के बाहर से चोरी हो गया। माल खाना इंचार्ज ने ट्रक मालिक तथा चालक पर षडयंत्र के तहत थाने से ट्रक गायब करने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### दबंगों ने युवक और उसके परिजनों को पीटा

**लोनी करंट क्राइम।** छोटे भाई से जबरन काम कराने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट की तथा चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीडित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने की मिर्जा गार्डन कॉलोनी निवासी आकिल ने बताया कि मौहल्ले का सुहैल उसके छोटे भाई को जबरन काम पर ले जाता था। मामले की जानकारी होने पर उसने उसका विरोध किया तो सुहैल ने अपने भाई मन्नू, सन्नू तथा पिता के साथ मिलकर उनके घर पर हमला कर दिया और उसके उसकी पत्नी, भाई तथा बहन के साथ मारपीट की। जबकि उसे चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीडित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### धूमधाम से निकाली गई मां भगवती की शोभा यात्रा

**लोनी करंट क्राइम।** अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को मां भगवती की शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। बैंड बाजो और विभिन्न देवी देवताओं की झांकियों से सुस्जिजत शोभा यात्रा मंदिर से लोनी तिराहा, बलरामनगर कॉलोनी से होते हुए गिरी मार्किट कॉलोनी से होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। रात को मंदिर में विशाल जागरण तथा बुधवार को नवमी के दिन भंडारे के बाद नवरात्रों की पूजा संपन्न होगी।

### चोरी कर भाग रहे युवक को दबोचा, पुलिस के सुपुर्द किया

**मोदीनगर करंट क्राइम।** महिला व्यापारी के गल्ले से रुपए चोरी कर भाग रहे चोर को भीड ने दबोच लिया ओर उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। इंद्रापुरी कालोनी कालोनीवासी महिला कविता घर में ही किराना की दुकान करती है,उसके पास एक युवक चीनी लेने आया,इस बीच पालिका की कूडा उठाने वाला वाहन आ गया, जब कविता वाहन में कूडा डालने के लिये चली, इस बीच खरीददारी करने आये युवक ने उसके गल्ले से नगदी चुरा ली। चोरी करते महिला ने देख लिया ओर शौर मचा दिया। शोर सुनकर जुटी भीड ने युवक का पीछा कर उसे दबोच लिया। उसकी जमकर धुनाई की ओर पुलिस को सौंप दिया।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मोदीनगर करंट क्राइम।** सडक पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं। गांव मनोटा निवासी दीपक जब रविवार की सांय गांव के सामने सडक पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायला अवस्था में अस्पताल ले जाते समय दीपक (30) ने दम तोड दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये वाहन चालक की तलाश कर रही हैं।

### युवक महिला पर धर्म बदलने का डाल रहा दबाव

**मोदीनगर करंट क्राइम।** धर्म छिपाकर महिला के साथ दोस्ती कर एक साल तक साथ रहने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने आरोपी पर धर्म बदलने का आरोप भी लगाया है। आरोपी महिला के जेवरात व 60 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

गाजियाबाद निवासी एक महिला दिल्ली मेरठ मार्ग पर मुरादनगर थानान्तर्गत स्थित गांव मनोटा की एक फैक्टरी में काम करती है। एक साल पहले महिला की मुलाकात ऑटो चालक से हुई। ऑटो चालक ने महिला की मुलाकात एक युवक से कराई और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसके बाद महिला अपने चार बच्चों को छोड़कर युवक के साथ आ गई और मोदीनगर थानान्तर्गत एक गांव में किराए पर कमरा लेकर रहने लगी। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले पता चला कि युवक का असली नाम रिजवान है। उसने धर्म छिपाकर मेरे साथ दोस्ती की। अब वह काफी समय से धर्म बदलने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि पिछले दिनों आरोपी 60 हजार रुपए की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### दंपति को बेहरमी से पीटा ,हालात गंभीर

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की ब्रजविहार कॉलोनी में मामूली बात को लेकर घर में घुसकर दंपति को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी सलमान अपनी नाजरीन के साथ रहते है। सोमवार रात ग्यारह बजे के आसपास सलमान अपनी पत्नी के साथ सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच सलमान के पिता अपने साथियों के साथ अचानक घर के अंदर आ गए और मारपीट करनी शुरू कर दी। सलमान को इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। जब सलमान को बचाने पत्नी नाजरीन आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। नाजरीन छह माह की गर्भवती है। नाजरीन की तहरीर पर पुलिस ने आसे खां ,बिलकिश ताई,मुंशी खां ,महबूब व यूसुफ राजपुत निवासी ब्रजविहार कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### विवाहिता से दहेज की मांग, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज में दस लाख की मांग पूरी ना करने पर मारपीट करने व ससुर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पति सहित पांच लोगो को नामजद किया गया हैं।

गांव विधापुर निवासी सुभ रौनक की शादी 15मार्च 2021 में हुई थी। आरोप है कि उसका पति शराब का आदी है ,ओर शादी के बाद से ही दहेज में दस लाख की मांग करता चला आ रहा है। जबकि मायके पक्ष से मामले को सुलझाने के लिये पांच लाख रुपए दिये गये। आरोप है कि उसके बावजूद सुसराल पक्ष की ओर से उसका उत्पीडन किया जा रहा हैं। ससुर पर भी अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। दहेज उत्पीडन को लेकर विवाहता रौनक के साथ मारपीट व अभद्रता करने के मामले मे पुलिस ने पति आशीष, ससुर नरेश, सास उषा देवी, तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन बताई जीने की कला: शिवम तिवारी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 61 के सेक्टर 2 में 147 के सामने वाले पार्क में भागवत कथा का में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन व्यास महाराज शिवम तिवारी ने कथा का सारांश कह जीवन को जीने की कला भी समझाई। उन्होंने कई उपदेशात्मक वृतांत सुनाकर भक्तों को निहाल भी किया। कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथा वाचक ने सातों दिन की कथा का सारांश किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य का जीवन कई योनियों के बाद मिलता है।इसे कैसे जीना चाहिए, यह भी समझाया। कथा वाचक ने सूर्यदेव से सत्रजीत को उपहार स्वरूप मिली मणि का प्रसंग सुनाते हुए मणि के खो जाने पर जामवंत और श्रीकृष्ण के बीच 28 दिन तक चले युद्ध और फिर जामवंती, सत्यभामा समेत से श्रीकृष्ण सभी आठ विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे प्रभु ने दुष्ट भौमासुर के पास बंदी बनी हुई 16 हजार 100 कन्याओं को मुक्त करवाया और उन्हें अपनी पटरानी बनाकर उन्हें मुक्ति दी। उन्होंने सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाया। कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा का उद्धार किया। मित्रता निभाते हुए सुदामा की स्थिति को सुधारा। गौ वध का विरोध और गौ सेवा करने पर भी जोर दिया। प्रमोद चौधरी ने बताया कि बुधवार की सुबह हवन के पश्चात भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यरूप से अरविंद झा, अनिल चौधरी, रविंद्र रावत, मंजू चौधरी सुमन आदि लोग क्षेत्र के मौजूदा रहे।

# संस्कार एजुकेशनल ग्रुप में पांच दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'यूफोरिक-2024' का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप में भव्य पांच दिवसीय वार्षिक महोत्सव यूफोरिक-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पांचवें दिन रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मनोज कुमार गुप्ता (चेयरमैन संस्कार एजुकेशन ग्रुप), लव अग्रवाल (सचिव), प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र सिंह (निदेशक इंजीनियरिंग), डॉ. बबीता कुमार (निदेशक फार्मेसी), एआर राकेश अलावधी ( निदेशक आर्किटेक्चर) एवं मुख्य अतिथि अंगद सिंह रनियाल (हास्य अभिनेता) का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मनोरंजन किया तथा अंगद सिंह रनियाल (कॉमेडियन) ने अपनी स्टैंडअप कॉमेडी से सभी को आनंद से भर दिया। कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग विभाग को महाविद्यालय परिसर में सभी प्रतियोगिताओं एवं प्रतिस्पर्धाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने एवं अच्छा प्रदर्शन करने हेतु माननीय अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता द्वारा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने हुनर को सबके सामने प्रस्तुत किया। प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र सिंह (निदेशक इंजीनियरिंग), डॉ. बबीता कुमार (निदेशक फार्मेसी), सभी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं प्रोफेसरों ने रंगारंग कार्यक्रम के मंच पर विभिन्न कार्यक्रमों के सभी विजेताओं को बधाई दी। विजेताओं का उत्साह बढ़ाया तथा शुभकामनाएं भी दीं।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मतदान के लिए जागरूक करने का लिया संकल्प



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सैक्टर 3 में व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष धनेश सिघंल के नेतृत्व मे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर व्यपारियों से चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियो ने शत प्रतिशत मतदान कर कम से कम 6 परिवारों जिनमे व्यपारियों के मित्र, रिश्तेदार और पडोसियो का मतदान कराकर गाजियाबाद लोकसभा मे ऐतिहासिक मतदान कराने का संकल्प लिया गया। इस दौरन जिलाध्यक्ष धनेश सिंघल ने हर व्यपारी का यह प्रयास किया जाए कि उनके आसपास कोई भी मतदाता मतदान करने से ना छूटे। उन्होंने सभी व्यपारियों से अपील की सभी व्यपारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान राहुल शर्मा, रवि तिवारी, कमल चावला व्यापारी बैठक मे मौजूद थे।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय में शिक्षकों और छात्रों के लिए '21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल' पर सत्र आयोजित





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में शिक्षकों और छात्रों के लिए '21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल' पर एक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में प्रमुख वक्ता के रूप में विशेषज्ञ व्यक्ति योगेश कोचर ने अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने अपने विशेषज्ञता और अनुभव के साथ छात्रों को विशेषज्ञ कौशलों के बारे में जानकारी प्रदान की। सत्र में प्रोफेसर (डॉ.) आर.के. खंडाल, चांसलर, एस.जी.यू., प्रोफेसर जमील अहमद, डायरेक्टर जनरल, एसजीयू और पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आई.जी.), रजिस्ट्रार, एस.जी.यू. उपस्थित थे। प्रोफेसर (डॉ.) आर.के. खंडाल और प्रोफेसर जमील अहमद ने योगेश कोचर को सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों को प्रख्यात वक्ता और अतिथि सत्र के विषय का परिचय दिया। योगेश कोचर ने प्रस्तुति '21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल' विषय पर आरंभ की, जिसमें उन्होंने अनोखे उदाहरणों के साथ बताया कि ये कौशल हमारे आस-पास की चीजों को कैसे परिवर्तित कर सकते हैं। उन्होंने सत्र के दौरान चेतना, प्रकृति की क्रियाशीलता, भावनाओं का मेटावर्स और जीवन संतुलन के बारे में चर्चा की, जिससे उनकी बातचीत किसी भी विचार को खोजने और अनुभव करने में सहायक हो सकती है। सत्र के दौरान छात्रों ने आत्मानुशासन के महत्व को समझा और खुद की खुशी बनाने और नियंत्रित करने के छः तरीकों के बारे में सीखा। सत्र गहरा, रोचक और सक्रिय था, जिसमें छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी थी। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय के कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों ने योगेश कोचर का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. (डॉ.) आर.के. खंडाल, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) शक्ति कुमार, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, हेड सी.आर.सी. अमित भारद्वाज, एवं सभी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दो युवकों को अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड़ के पास पुलिस ने छाप मारकर अवैध रुप से शराब बेच रहे जूस विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग के निरीक्षक अनुज वर्मा ने बताया की पिछले काफी समय सम शिकायत मिल रही थी कि दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड़ के पास जूस विक्रेता में अधिक दाम पर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए जूस विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अभिषेक कुमार बताया।

इसके अलावा थाना क्षेत्र के सुराना गाँव निवासी बिजेंद्र सिंह को पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी की सुराबा गाँव निवासी बिजेन्दर सिंह अवैध रूप से शराब बेच रहा है सूचना के आधार पर सोमवार शाम को पुलिस ने दबिश दी और बिजेन्दर सिंह को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# मिलेनियम स्कूल में 'फ्यूचर स्टार कप' का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फिटनेस के लिए फुटबॉल कितना जरूरी है ये साबित किया अंडर 9 कप में खेलने वाले बच्चों ने..इन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी एनर्जी और प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया...नोएडा के सेक्टर 119 में मिलेनियम स्कूल के मैदान में 13 अप्रैल को फ्यूचर स्टार कप का आयोजन हुआ जिसमें गाजियाबाद और नोएडा के अलग-अलग अकेडमी से अंडर एक्स-9 कैटेगरी की टीमें पहुंची थीं। सभी टीमों को अलग-अलग केटेगरी में बांटा गया था । सभी टीमों के लिए 4 ग्रुप बनाए गए थे। इन ग्रुप में एक टीम को 2 मैच जीतने थे जिसके बाद चारों ग्रुप से 4 टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में टीएनएम 'ए' और 'बी' फाइनल में पहुंची थीं। फाइनल मैच में टीएनएम अकादमी की अ और इ टीम फाइनल में पहुंची थी जिसमें अंडर एक्स-9 कैटेगरी में टीएनएम अ टीम ने विजय हासिल की। टीम के आयोजकों ने सभी कोच और खिलाड़ियों का आभार जताया।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने किया 'मेरिट एंड परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड' का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर गजियाबाद द्वारा सोमवार को 'मेरिट एंड परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड' और 'अटेंडेंस फेलिसिटेशन सेरेमनी' सत्र (2022-24) तथा सत्र (2023-25) के प्रतिभागियों हेतु आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ संस्थान की निर्देशिका डॉ. तिमिरा शुक्ला, आईटीएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ. वीएन बाजपेई और पीजीडीएम की चेयर पर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल द्वारा परंपरागत दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ। संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष अकादमिक उपलब्धि के लिए शीर्ष छात्रों को 'मेरिट अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है। साथ ही जो छात्र विगत सत्र की अपेक्षा अगले सत्र में अच्छी उपलब्धि एवं स्थान प्राप्त करते हैं उनमें से शीर्ष छात्रों को भी 'परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट' अवार्ड से नवाजा जाता है। मेरिट अवार्ड से सम्मानित छात्रों में पीजीडीएम ट्राइमेस्टर-1 एवं ट्राइमेस्टर-2 में शीर्ष स्थान पाने वाले क्रमशः 10 छात्र, परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड से सम्मानित छात्रों में ट्राइमेस्टर-4 की अपेक्षा ट्राइमेस्टर-5 में बेहतर प्रदर्शन हेतु 10 छात्र एवं ट्राइमेस्टर-1 की अपेक्षा ट्राइमेस्टर-2 में बेहतर प्रदर्शन हेतु 10 छात्र शामिल थे। डॉ. तिमिरा शुक्ला ने शत-प्रतिशत अटेंडेंस प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्रों की क्लास में बेहतर उपस्थिति और उनकी सफलता हेतु प्रसन्नता जाहिर की और इसे शिक्षण संस्थान की अच्छी उपलब्धि बताई। अवार्ड सेरेमनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर अकादमिक प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करना एवं संस्थान में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण विकसित करना है।

इस अवसर पर आईटीएस-क्यू एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने प्रसन्नता जाहिर की तथा सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। आईटीएस - क्यू एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निर्देशिका डॉ. तिमिरा शुक्ला ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। चेयरपर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की।

इस दौरान स्टेज पर छात्रों के अभिभावक भी आमंत्रित किये गए और उन्होंने भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इस प्रकार के आयोजन से पीजीडीएम के सभी छात्र काफी प्रसन्न और उत्साहित थे। साथ ही भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन और परीक्षा फल के लिए संकल्पित प्रतीत हो रहे थे।




# नोएडा के 7 हजार लोग करेंगे बाबा बर्फानी के दर्शन

## जिला अस्पताल में लगी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने वालों की लाइन



### सोमवार को 210 लोगों ने किया पंजीकरण

जिला अस्पताल के मेडिकल अधिकारी डॉक्टर ऋषभ कुमार ने बताया कि रोजाना करीब 150 लोग मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आ रहे हैं। सोमवार को करीब 210 लोगों ने मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए पंजीकरण करवा कर फीस जमा की है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि पंजीकरण और फिर जमा करने के लिए अलग से काउंटर बनाया हुआ है। जो अमरनाथ यात्रा पर जाना चाहते हैं, उनको काउंटर पर पंजीकरण करवाना पड़ता है।

### कितने रुपये की फीस लगेगी?

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक, मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए 70 रुपये की फीस जमा करनी होती है। पूरी प्रक्रिया होने के बाद कमरा नंबर 37 में जाकर मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। सुबह 9:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 बजे तक रोजाना मेडिकल सर्टिफिकेट बनाए जाते हैं।

नोएडा। बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए देश भर से लाखों की संख्या में लोग जाते हैं लेकिन इस बार नोएडा में मेडिकल रजिस्ट्रेशन का ताता लगा हुआ है। बता दें कि उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार नोएडा और ग्रेटर नोएडा से करीब 7000 लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन करेंगे। अमरनाथ जाने से पहले श्रद्धालुओं को मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना पड़ता है। इसलिए मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए जिला अस्पताल में लंबी लाइन रोजाना लगी रहती है। रोजाना करीब 150 लोग मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं।

### सुबह 8:00 बजे से लग जाती है लाइन

**जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 8:00 बजे से जिला अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने वालों की लाइन लग जाती है और यह लाइन शाम तक रहती है। आलम यह है कि मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए लोग अपने ऑफिस की छुट्टी ले रहे हैं। हालांकि, जिला अस्पताल की तरफ से भी पूरी मदद दी जा रही है। जिन लोगों का मेडिकल सर्टिफिकेट बनता है, उनको ही बाबा अमरनाथ के दर्शन करने की अनुमति होती है।**



# वेदवन की तर्ज पर अब ग्रेटर नोएडा में बनेगा आयुर्वेद पार्क, जड़ी-बूटियों से इलाज की जानकारी मिलेगी




ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए नोएडा के वेदवन पार्क की तर्ज पर आयुर्वेद पार्क विकसित होगा। लोकसभा चुनाव के बाद सलाहकार कंपनी इसे विकसित करेगी। पार्क 15 एकड़ भूमि पर विकसित होगा। इसके लिए भूमि चिह्नित है। नोएडा के सेक्टर 78 में वेदवन पार्क 12 एकड़ में विकसित है। सैलानियों के लिए ये प्रमुख स्थान है। इस पार्क में वेदों व पुराण की जानकारी दी गई है। कलाकृतियां, वाटर फाल आदि में झलक दिखती है। ग्रेटर नोएडा के लोग भी ऐसे पार्क की मांग कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस मांग पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आयुर्वेद पार्क बनाने का निर्णय लिया है। इस पार्क में आयुर्वेद का इतिहास, उसके महत्व, आयुर्वेदिक इलाज संग ऐसे पेड़-पौधे लगाए जाएंगे जो अच्छे सेहत के लिए बेहद अहम हैं।



### फिनिशिंग का हो रहा काम

नोएडा सेक्टर 74 में वेदवन बन रहा है, जिसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है. कुछ दिनों में आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. प्रिंस प्रधान इस वेदवन में मैनेजर है, वो बताते हैं कि यह पार्क सात पार्ट में बंटा हुआ है, जिसमें सप्तऋषियों के बारे में बताया गया है. इस पार्क में चार वेद और उस से जुड़ी चीजों के बारे में बताने के लिए चीजे लगाई गई है. प्रिंस बताते हैं कि जल्द ही यह पार्क आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. अधिकतर काम हो चुका है, बस फिनिशिंग का काम बचा हुआ है जो जल्दी से करा दिया जाएगा.



### लेजर शो का लगेगा चार्ज, प्रवेश रहेगा फ्री

प्रिंस बताते हैं कि यह पार्क आम लोगों के लिए फ्री रहेगा, अभी क्या टाइम खुलने का और बंद होने का रहेगा तय नहीं किया गया है. लेकिन जल्द ही यह आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. यहां पर लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें वेद और सप्तऋषियों के बारे में ही बताएगा.

लेजर शो का चार्ज किया जाएगा आम लोगों से. पार्क में ही टिकट काउंटर बनाया जाएगा जहां से लोग टिकट ले पाएंगे. इस वेदवन में एक ओपन एम्फी थिएटर भी रहेगा जिसमें लोग अपने कोई एवेंन्ट्स जैसे ओपन माइक इत्यादि का आयोजन किया जा सकेगा

## जेवर एयरपोर्ट से जुड़ेंगे गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट

# बिजली की कमी से नहीं थमेगी रफ्तार

## रैपिड और मेट्रो लाइन सौर ऊर्जा से भी चलेगी



**बिना रुकावट 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए पांच मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे।**

नोएडा। जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट से सीधा जोड़ा जाएगा। गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट से होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक लाइन बिछेगी। एक लाइन पर मेट्रो और रैपिड रेल दोनों दौड़ेंगी। गाजियाबाद और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच चलने वाली रैपिड रेल और मेट्रो के पहिए बिजली की कमी की वजह से नहीं थमेंगे। बिना रुकावट 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए पांच मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इनकी क्षमता इस परियोजना के लगभग 50 फीसदी ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने की होगी। सौर ऊर्जा की मदद से रैपिड रेल और मेट्रो दौड़ेगी।

### एनसीआरटीसी ने तैयारी की डीपीआर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम द्वारा तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट में रिन्यूएबल एनर्जी पर जोर दिया गया है। इससे बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। सरकार के फोकस को देखते हुए गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट से होते हुए जेवर एयरपोर्ट पहुंचने वाली रैपिड रेल और मेट्रो के संचालन में रिन्यूएबल एनर्जी का उपयोग किए जाने की तैयारी है। इसकी विस्तृत रूपरेखा बनाई गई है।

### दो चरणों में पूरा होगा गाजियाबाद-जेवर रूट

आपको बता दें कि गाजियाबाद से रैपिड रेल का कॉरिडोर जेवर एयरपोर्ट तक जाएगा। वह दो चरणों में विकसित होगा। पहले चरण में गाजियाबाद, गौर चौक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4, इकोटेक-12, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-10, नॉलेज पार्क-5 और ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर पुलिस लाइन तक स्टेशन बनेंगे। पहले चरण में 39.39 किलोमीटर लंबा रूट बनेगा। इस प्रोजेक्ट पर 13,055 करोड़ रुपये खर्च होंगे। खास बात यह होगी कि एक ही लाइन पर रैपिड रेल और मेट्रो दौड़ सकेंगी।

### दूसरे चरण का रूट

दूसरे चरण में पुलिस लाइन, मलकपुर, नॉलेज पार्क-3, परी चौक, इकोटेक-6, दनकौर, यमुना क्षेत्र के सेक्टर-18, सेक्टर-20, सेक्टर-21 फिल्म सिटी और जेवर एयरपोर्ट स्टेशन होंगे। यह रूट 32.90 किलोमीटर लंबा होगा। इस हिस्से को पूरा करने के लिए 6,988.50 करोड़ रुपये लागत आएगी। इस तरह पूरे 72.29 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर को बनाने में 20,043.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिम्मेदार कंपनी ने इसकी पूरी डीपीआर बना दी है। अब बहुत जल्दी यह डीपीआर सरकार के सामने पेश की जाएगी।

### कितने स्टेशन बनेंगे

गाजियाबाद से जेवर तक दो रैपिड रेल कॉरिडोर्स बनाए जाएंगे। इन कॉरिडोर्स पर मेट्रो भी दौड़ेंगी। दोनों प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार हो गई है। गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल और मेट्रो के 34 स्टेशन होंगे। जिसमें रैपिड रेल के 11 स्टेशन होंगे। पहले चरण में मेट्रो के 11 स्टेशन और दूसरे चरण में 12 स्टेशन होंगे। इसका मैप तैयार हो गया है।

# ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने बनाया नया प्लान, डेढ़ लाख लोगों की होगी सुरक्षा

नोएडा। अपने क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने के लिए ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने एक नया प्लान तैयार किया है। इस प्लान के मुताबिक सभी मकान मालिकों को नोटिस भेजा गया है। नोटिस भेजकर किराएदारों का सत्यापन मांगा गया है। पुलिस ने साफ कह दिया है कि अगर किरायेदारों का सत्यापन नहीं करवाया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के द्वारा जारी किए गए नोटिस में सीसीटीवी कैमरे और निजी सुरक्षाकर्मी तैनात करने की भी बात कही गई है। यह सभी आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है।




**नोटिस भेजकर किराएदारों का सत्यापन मांगा गया है।**

### जिले में ऐसे तमात मामले आए

बीते 17 जनवरी को ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर गांव में किराए पर में रहने वाली एक महिला की हत्या कर दी गई थी। उससे पहले दिसंबर 2022 में फेस-दो थाना क्षेत्र अंतर्गत किराए के कमरे में होने वाली लड़की के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया गया था। ऐसे तमाम मामले हैं जो किराएदारों के साथ होते हैं। बाद में पीड़ित परिवार थाने में आकर मदद की गुहार लगाते हैं। इन सभी क्राइम को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है।

### पुलिस का बयान

ईकोटेक-3 थाना प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि पिछले एक महीने में 3 ऐसे मामले आए हैं, जिसमें लड़कियां गायब मिली है। परिजनों ने जिस पर आरोप लगाया था, वह दोषी नहीं पाया गया। जांच करने पर पता चलता है कि लड़की अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ चली गई। अगर मकान मालिक सीसीटीवी कैमरे लगवा देगा और सिक्योरिटी गार्ड तैनात कर देगा तो ऐसे अपराध रोके जा सकते हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया है।

### बेकसूर व्यक्ति नहीं होगा परेशान

सबसे बड़ी बात यह है कि अपराध होने पर परिजन किसी भी व्यक्ति को दोषी बताते हुए नाम लिखवा देते हैं। बाद में जब जांच की जाती है तो जिसका नाम लिखवाया गया, वह बेकसूर साबित होता है। इसलिए इस फैसले से किसी बेकसूर को तंग नहीं किया जा सकता। आपको बता दें कि ईकोटेक तीन थाना क्षेत्र में सुत्याना, हबीबपुर, चौहानपुर, हल्दोनी, अलीवदीर्पुर और कुलेसरा आदि गांव आते हैं। जिसमें करीब डेढ़ लाख लोग रहते हैं। इस फैसले से ये डेढ़ लाख लोग सुरक्षित होंगे।

## नोएडा में अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़

# 10 टू-व्हीलर के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार, ऑन डिमांड करते थे चोरी





नोएडा। नोएडा में वाहन चोरों की हिम्मत बढ़ती ही जा रही है। खासकर बाइक और स्कूटी चोर बदमाश एक जगह से मोटरसाइकिल चोरी कर दूसरी जगह कम दामों में बेच रहे हैं। फेस-2 थाना पुलिस ने एक ऐसे ही अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफश किया है जो गाजियाबाद समेत यूपी के कई जिलों से चोरी करते थे। पुलिस ने साथ 10 वाहनों के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

ताजा खबरों के लिए लॉग ऑन कर सकते हैं करंट क्राइम बेवसाइट
https://currentcrime.com/




### भंगेल मार्केट से वाहनों संग गिरफ्तार

गौतमबुद्ध नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सीआरटी स्वाट-2 टीम और थाना फेस-2 पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों के गिरोह के होने की सूचना मुखबिर ने दी थी। इसी के आधार पर मंगलवार को भंगेल मार्केट से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 10 बाइक और स्कूटी भी बरामद की है।

### डिमांड के आधार पर चुराते थे बाइक

पूछताछ में आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी 19 वर्षीय मौ समीर और 20 वर्षीय समीर खान के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी अन्तरार्जीय गैंग मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करने वाली गैंग में शामिल हैं। यह गिरोह एनसीआर क्षेत्र में घर के बाहर और बाजारों में खड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटी को डिमांड के आधार पर चोरी करते थे। यह गिरोह चोरी की गयी मोटरसाईकिलों पर सवार होकर रैंकी करके सैक्टरों, मार्केट और घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चुराते हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ दिल्ली गाजियाबाद समेत एनसीआर के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

## शाहबेरी पर लगने वाले जाम से मिलेगी निजात ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी तैयारी

ग्रेटर नोएडा। शाहबेरी पर लगने वाले जाम से निजात के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण यहां फ्लाईओवर बनाने की योजना तैयार कर रहा है। इससे गाजियाबाद के निवासियों को एयरपोर्ट तक पहुंचने में भी आसानी होगी। यह सड़क पर न सिर्फ गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर को जोड़ती है बल्कि हापुड़ और दिल्ली के लोग भी इस रास्ते से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। ऐसे में प्राधिकरण ने इस सड़क को फ्लाईओवर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे कि जाम की समस्या को दूर किया जा सके।

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू किया सर्वे कराना

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शाहेबरी सड़क पर फ्लाईओवर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। फ्लाईओवर बनाने से पहले सर्वे का कार्य किया जाता है, क्योंकि इस सड़क के किनारे कई सोसायटी व गांव बसे हुए हैं। सर्वे के बाद जाम की स्थिति को समझते हुए उसे किस प्रकार खत्म किया जाए आदि का पता लगाया जाएगा। इस सर्वे के दौरान सड़क की लंबाई, किस-किस स्थान पर जाम लगता है जैसे कई बिंदुओ पर खास ध्यान दिया जाएगा।

शाहबेरी सड़क पर वाहनों का दबाव अधिक है और सड़क की चौड़ाई उसकी तुलना में कम है। सर्वे के माध्यम से दबाव को कम करने के लिए, समय बचाने व बिना जाम के यात्रा करने के लिए योजना तैयार की जाएगी, जिसके अनुसार फ्लाईओवर के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। दरअसल इस सड़क की चौड़ाई कम है। फर्नीचर बार, कई सोसायटी व गांव इस सड़क के किनारे हैं। ऐसे में यहां हर समय जाम की स्थिति रहती है। प्राधिकरण ने इसको लेकर सर्वे कराना शुरू कर दिया है ।सर्वे कराने के बाद ही पता लगाया जा सकेगा कि यहां की समस्या को किस तरह से दूर किया जा सकेगा। चूंकि सर्वे में लंबाई समेत अन्य बिंदुओं पर काम किया गया है और कहां-कहां जाम लगता है।

इन सभी तरह के बिंदुओं पर काम किया जाएगा। उधर, इस संबंध में एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट तक जाने के लिए गाजियाबाद से शाहबेरी रोड पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाएगा। इसलिए अभी से सर्वे कराकर समस्या को दूर करना है।

# गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना होगा आसान



**शाहबेरी सड़क पर वाहनों का दबाव अधिक है और सड़क की चौड़ाई उसकी तुलना में कम है।**

ताजा खबरों के लिए लॉग ऑन कर सकते हैं करंट क्राइम बेवसाइट
https://currentcrime.com/ जहां मिलेगा आपको ताजा खबरों का भण्डार




# मोदी–योगी सरकार पर करारा हमला, उखाड़ फेंकिए केंद्र से मोदी सरकार : डॉली शर्मा

## जब तक पूंजीपतियों की चहेती सरकार रहेगी, तब तक किसानों-मजदूरों-कारीगरों की भलाई नहीं होगी







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का धुआंधार दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसान, युवा और महिला हितों के सवाल पर मोदी-योगी सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि आम लोगों के हक-हुकूक की रक्षा करने में ये सरकारें विफल रही हैं।

इन्होंने बुनियादी जरूरतों पर काम करने के बजाए भावनात्मक मुद्दों का सहारा लिया और आम लोगों को भड़काकर सत्ता हासिल की और उसे स्थायित्व देने का भ्रम पाल बैठे हैं। डॉली शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद की जनता, मुरादनगर के लोग, इनकी हकीकत को समझ चुके हैं और इस बार इन्हें सत्ता से बेदखल करने की ठान चुके हैं। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने आम लोगों को अपनी पार्टी की विभिन्न गारंटियों के बारे में बताते हुए कहा कि जब 2024 में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, तो पांचों वर्गों यानी किसान, युवा, महिला आदि से जुड़ी सभी गारंटियों को लागू किया जाएगा।

आम लोगों के सशक्तिकरण की कोशिश की जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, उन्होंने खुर्रमपुर गांव, गाजियाबाद में कपिल त्यागी के नेतृत्व में आयोजित बैठक को सम्बोधित किया। उसके बाद ग्राम सरना, मुरादनगर, जिला गाजियाबाद में जनसंपर्क अभियान को गति दी। फिर

**जब 2024 में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, तो पांचों वर्गों यानी किसान, युवा, महिला आदि से जुड़ी सभी गारंटियों को लागू किया जाएगा**

बहादुरपुर गांव, ब्लॉक-रजापुर, गाजियाबाद में हेमंत त्यागी के घर में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। तत्पश्चात मकरेड़ा महमूदाबाद, गाजियाबाद में आनंद त्यागी के नेतृत्व में आयोजित बैठक को सम्बोधित किया। उसके बाद मथुरापुर गांव गाजियाबाद में, संतराम के घर में हुई बैठक में शामिल हुईं।

इससे पहले शाहपुर गांव, गाजियाबाद में छुट्टन त्यागी और विनीत त्यागी के नेतृत्व में आहूत बैठक को सम्बोधित किया। इन सभी बैठकों में आम लोगों से अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद मिला।

डॉली शर्मा ने किसानों के हौसले बढ़ाते हुए कहा कि धरती सुनहरी अंबर नीला, हर मौसम रंगीला, ऐसा देश है मेरा। और इस देश की खूबसूरती किसान-मजदूर-कारीगर हैं, जिनकी उपेक्षा मोदी-योगी सरकार कर रही है। यह पूंजीपतियों के हितों की रक्षा करने वाली सरकार है, जिसे जनहित में उखाड़ फेंकना जरूरी है।



उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और ऐसे देश में हम सभी का फसलों, खेतों और मिट्टी से जुड़ाव होना बेहद जरूरी है, तभी हम अपने किसान भाइयों का सम्मान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के खाद, बीज, बिजली, एलपीजी और कृषि सम्बन्धी जरूरतों वाली तमाम चीजों की कीमतें बेतहाशा बढ़ी हुई हैं। इन्हें रोकने के लिए केंद्र से मोदी सरकार को हटाना बहुत जरूरी है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, मुरादनगर के कांग्रेस नेता अरुण शर्मा, किसान नेता अमित शर्मा, सपा नेता राहुल पंडित, अश्विनी कौशिक, राहुल कौशिक आदि मौजूद रहे। स्थानीय ग्राम प्रधानों, पार्टी और गठबंधन के साथीगण भी जगह-जगह उपस्थित रहे।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने लोनी में कई जगह किया धुआंधार प्रचार







## जनसंपर्क में हर गांव में क्षेत्रवासियों ने प्रत्याशी का ढोल-नगाड़े और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और बहुमत से जिताने का आशिर्वाद दिया

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी के विभिन्न गांव और कॉलोनियों मे लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजपाल तेवतिया के साथ जनसंपर्क किया और आने वाली 26 अप्रैल को सभी से राष्ट्रहित में भाजपा को वोट करने की अपील की।

सभी जनप्रतिनिधियों और प्रमुख लोगों के मार्गदर्शन में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने की बात कही। जनसंपर्क का नेतृत्व भाजपा के यशस्वी जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान के नेतृत्व में हुआ जिन्होंने कहा कि बूथ, शक्तिकेन्द्र, की सभी इकाइयां पूरी तरह से सक्रिय हैं, कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और इस बार हम पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर तीसरी बार केन्द्र में मजबूत सरकार बनाने जा रहे हैं।

वहीं लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने भी क्षेत्रवासियों को पूरा आश्वासन दिया कि बड़े भाई अतुल गर्ग के साथ मिलकर लोनी में



विकास की बड़ी योजनाएं लाएंगे। इस जनसंपर्क में हर गांव में क्षेत्रवासियों ने प्रत्याशी का ढोल-नगाड़े और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और बहुमत से जिताने का आशिर्वाद दिया। जनसंपर्क की शुरुआत पवन मावी के आवास टीला गांव से होकरअफजलपुर गांव में नितिन प्रधान, निस्तोली में मनीष डागर, रिस्तल में अरुण कसाना के बाद लोनी विधानसभा चुनाव कार्यालय मित्तल भवन एस.बी.आई. बैंक के सामने सहारनपुर रोड का विधिवत उद्घाटन किया।

जहां सभी भाजपा पदाधिकारीगणों की उपस्थिति रही। उसके बाद रामपार्क लोनी में एडवोकेट दिनेश बैसोया अध्यक्ष बार एसोसिएशन के कार्यालय पर, गुलाब वाटिका में सभासद अंकुश जैन, शांति नगर में धर्मेंद्र बंसल, टीला गांव के बारातघर में संजीव कुमार एवं सुमित प्रताप, ईश्वर मावी भाजपा नेता के टीला गांव में आवास पर, गढ़ी कटैया में पूर्व चेयरमैन विनोद बंसल, प्रेम विहार डी.एल.एफ. में रामनिवास त्रिपाठी सहित सभी जगह हजारों क्षेत्रवासियों से सीधा संपर्क किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिले के सभी पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी सहित सभी वरिष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और प्रेक्षक अरुण कुमार सिन्हा ने किया

# ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और प्रेक्षक (सामान्य) अरुण कुमार सिन्हा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रेक्षक (सामान्य) द्वारा ईवीएम की सुरक्षा के संबंध में विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर सीसीटीवी, सुरक्षा में तैनात कर्मियों उनके आईकार्ड, खिड़की-दरवाजों की मजबूती एवं हवा सहित अन्य बातों का ध्यान रखते हुए उक्त भवन को चारों तरफ से सुरक्षा की दृष्टि से जांचा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उक्त भवन की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों के आईकार्ड पुलिस विभाग द्वार जारी किये जायेंगे। उन्होने ईवीएम प्रभारी को निर्देशित किया कि






भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। किसी भी प्रकार की चूक नहीं होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से पुलिसअधिकारी भी मौजूद रहे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 18 अप्रैल को पिलखुआ में आ रहे हैं। वो यहां रामलीला मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियों का जायजा लोकसभा चुनाव संयोजक अजय शर्मा तथा लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला ने लिया। इस अवसर पर विभु बंसल, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, विधान सभा संयोजक निशांत सिसौदिया मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# वार्ड- 83 भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 में श्याम पार्क, मंगलवार को नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। चुनाव को लेकर भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अतुल गर्ग ने कहा कि भाजपा जुमलेबाजी पर विश्वास नहीं करते हुए सीधे विकास की बात करती है।

उन्होंने कहा की भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य में कई विकास योजना चलाकर सीधा लाभ देश के लाखों परिवारों को मुहैया करा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी ने इस मौके पर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में वोट देने का अपील करते हुए क्षेत्र को विकास की कड़ी से शीघ्र जोड़ने में सहयोग करने की बात को प्रमुखता से कहा। इस अवसर पर महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, कार्यक्रम संयोजक प्रवीण भाटी सहित क्षेत्र ले लोग उपस्थित रहे।



## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कक्क करण को एक बार भगवा मीडिया प्रभारी चौधरी साहब की फेसबुक वाली पोस्ट पर देना चाहिए ध्यान ? ध्यान देकर प्राप्त होगा उन्हें कोई ज्ञान ? उन्हें होगा पोस्ट देखने के बाद इस बात का एहसास ? मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है वाली समझ आएगी उनको बात ? पोस्ट देखने के बाद करण को मिलेगी इस बात की जानकारी ? प्रेस कॉन्फ्रेस वाली जो फोटो चौधरी साहब ने अपलोड की है ? उसमें से हटा दी गई है युवा शर्मा की तस्वीरें सारी ? समझ गये ना, चौधरी को पसंद नहीं आयी है इस तरह की खरपतवारी ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ ज्यादा ही है गर्ग साहब के प्रिय राजपूत के दिल में व्यवस्था में बने रहने का इमोशन ? हमने देखा उन्होंने अभी से कर लिया है सांसद प्रतिनिधि वाला एडवांस में प्रमोशन ? सुना है गर्ग साहब के प्रिय एक वैश्य नेता ने ट्रू कॉलर में भगवा राजपूत की आईडी कर ली है सर्च ? जिसने राजपूत का नाम सांसद प्रतिनिधि के रूप में हो चुका है दर्ज ? सुना है आईडी का स्क्रीन शॉट भेज दिया गया है गर्ग साहब के पास ? अब देखना ये है, मामला डिलीट होता है या एडवांस में गर्ग साहब का आशीर्वाद होगा भगवा राजपूत को प्राप्त ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ताकतवर लेडी जनप्रतिंधि की पार्षदों की ताबड़तोड़ वाली जॉइनिंग कराने को लेकर अंदर ही अंदर सुलग रही है आग ? कहने वाले ने कहा, इस जॉइनिंग को कराने में पंज प्यारों में से एक प्यारे की भूमिका रही है बहुत ही खास ? संगठन को जानकारी ही नहीं लगी ? पर्दे के पीछे ही बन गया पूरी जॉइनिंग का प्लान ? कहने वाले ने कहा इस जॉइनिंग के बाद एकता का रायता फैलना चालू हो चुका है ? क्यों कि संगठन के सिरमौर को छोड़कर सध रहे हैं सभी चेहरों के काम ? अभी तो मनमुटाव की आँधी शुरू हुई है ? चुनाव के बाद तो आना है विरोध का बहुत बड़ा तूफान ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ के एक बड़े जनप्रतिनिधि ने कर दी किसी से अपनी दिल की भावनाये क्लियर ? कहा कोई चुनाव जीत कर भले ही बन जाये मंत्री ? मेरे ऊपर नहीं पड़ेगा कोई असर ? अपने ऑफिस की दीवार पर उनका फोटो में कभी नहीं लगाऊँगा ? मैं जैसा हूँ वैसा ही ठीक हूँ ? उनके प्रभाव में बिल्कुल भी नहीं आऊँगा ? ये शब्द कहते हुए बड़े जनप्रतिंधि के चेहरे पर दिखाई दे रही थी गजब की मुस्कुराहट ? जैसे वो कर रहे हों कोई छुपा हुआ वार ? निशाना किसी पर था, उदाहरण बन गई थी दीवार ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** गागर में सागर भरने वाले नागर ने रेड फेस मैन की एक बात है अपने सीने में दबाई ? खुल जाये अगर ये बात तो दुहाई है दुहाई ? मगर हम कराना चाहते है आपको एक बात का एहसास ? चाहे रेड फेस मैन कुछ भी कर ले मिस्टर नागर दिल से बाहर नहीं निकालेंगे छुपे हुए जज्बात ? वो बिलकुल भी नहीं परिवर्तित करना चाहेंगे रेड फेस मैन का फेस ? वैसे भी मिस्टर नागर की जान को चुनाव में है बहुत सारे क्लेश ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में राधा और श्याम का जाप करने वाले त्यागी मेम्बर हो गये है भगवा चेहरा खास ? मगर उनके भगवा होने से फूल गई है हाथी वालों की साँस ? सुना है भगवा होने की प्रक्रिया के दौरान उन्होंने फ्लाइट मोड पर अपना मोबाइल डाल दिया था श्रीमान ? ताकि उनके भगवा होने के प्रॉसेस में ना आये कोई व्यवधान ? भगवा पटका पहनकर उन्होंने अपने फोन को देर रात तक फ्लाइट मॉड पर उड़ाया ? यही वजह है कि सोमवार को कोई भी महावत उनसे संपर्क नहीं कर पाया ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** सत्ते पर सत्ता वाले मौहल्ले से निकलकर बाहर आ रही है ये बात? यहां पर एक प्रतिनिधि ने दावं चल दिया है खास? लैंटर को ढेर कराने के नाम पर एक पेटी+ क्वाटर का मामला हुआ है पास? ऐसी चर्चाएं क्षेत्र में आग की तरह फैली हुई है साहब? देखना है अब प्रतिनिधि से उनके सिरमोर क्या करेंगे सवाल? आज का लालच, कल खड़ा कर सकता है बवाल?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने संगठन वालों को नदिया पार के चौधरी पार्षद में क्या दिखता है खास? सुना है गर्ग साहब की दो सभाएं उनके मौहल्ले में हुई हैं पास? मगर 61, 64 और 36 नंबर वालों पर संगठन में अभी तक नहीं दिया है ध्यान? कहने वाले कह रहे हैं जैसे चौधरी साहब को अपना मान रहे हो? थोड़ा हमको भी आप ऐ संगठन वालों लो अपना मान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** त्यागी जी भी मिली है जब से लेडी फ्रंट वाली जिम्मेदारी? तबसे हम देख रहे है एक कमिश्नरी में संयोजक की जिम्मेदारी निभाने वाली दूसरी त्यागी के तेवर भी हो गये हैं भारी? सुना है वो एक वार्ड में करने निकलीं थी प्रचार? यहां पर भगवा चौधरी ने उनके सामने प्रकट किये अपने विचार? कहा हमारी जानकारी के बगैर ही आप मांग रही हो जनता से वोट? इस बात को कर लिया है हमने नोट? तब त्यागी दीदी ने दिया भगवा चौधरी को यही संदेश? हम बड़े त्यागी दीदी के आदेश पर काम कर रहे हैं, इसलिए प्रचार नजर आ रहा है हमारा फेस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं ढेड़ा भैया का ध्यान खींचना चाहता हूं अपनी और कैड़ा? मैं बताना चाहता हूं कि उनकी टीम के अधिकतर सदस्य लोकसभा चुनाव में सक्रियता दिखाने के बजाय खिला रहे हैं उनको पेढ़ा? उनकी टीम के 6 सदस्य बिलकुल भी नहीं कर रहे हैं चुनाव में काम? इसमें दो भगवा युवा कमिश्नर भी शामिल हैं जो धारण किये हुए हैं आराम? या तो ढेड़ा भैया को है इस बारे में जानकारी, या फिर जानबूझकर येढ़ा बनकर उन्होंने पेढ़ा खाने का काम किया हुआ है जारी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सात फेरे लेकर इसी दिन समरकूल चेयरमैन सुप्रसिद्ध उद्योगपति, वरिष्ठ बीजेपी नेता संजीव गुप्ता और उनकी पत्नी रश्मि गुप्ता एक दूसरे के जीवन साथी बने थे। जिंदगी का ये सफर दोनो ने एक दूसरे को हमसफर के रूप में पाकर सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के रूप में तय किया है। आज इस खूबसूरत जोड़ी की मैरिज एनिवर्सरी है। बधाई शुभकामनाएं जो सबको देते हैं आज सब उनको उनके सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए बधाई शुभकामनाएं दे रहे हैं।